जबलपुर
शुक्रवार, 5 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष - 12
वर्ष : 20, अंक : 129
पृष्ठ : 8+6=14, मूल्य 3.00 *




मौसम
अधि. 31
न्यून. 24


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


शिक्षक दिवस आज



### अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाने वाले दो भारतीय शिक्षिकाओं से 'हरिभूमि' ने बात की

# विदेशों में धूम मचा रहे हैं भारतीय शिक्षक, भारतीय भाषाओं के बने 'ध्वजवाहक'

शिक्षक दिवस पर विशेष

ज्ञान का दीपक जगाने वाले शिक्षक का सानिध्य शिष्य के जीवन को चहुंमुखी तरक्की और उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर करता है। आज शिक्षक दिवस पर हमनें भारतीय मूल के कुछ ऐसे शिक्षकों को तलाशा जो विदेशों में भारतीय भाषा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। यह लोग भारतीय मूल के बच्चों के साथ विदेशी बच्चों को हिंदी पढ़ा रहे हैं और इन्होंने हजारों की संख्या में विदेशियों को हिंदी का ज्ञाता बना दिया है। सीनियर रिपोर्टर मधुरिमा राजपाल की रिपोर्ट

## 1 21 वर्षों से यूएसए में पढ़ा रहीं डॉ. कुसुम नैपसिक

## अमेरिकन, मैक्सिकन, अफ्रीकी-अमेरिकन चीनी और जापानी छात्रों को सिखाई हिंदी

### अमेरिका में हिंदी को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

21 वर्षों से यूएसए की अलग-अलग यूनिवर्सिटी में हिंदी पढ़ाने वाली डॉ. कुसुम नैपसिक का कहना है वर्तमान में मैं ड्यूक यूनिवर्सिटी, नॉर्थकैरोलाइना, अमेरिका में हिंदी पढ़ा रही हूं और इसके अलावा मैंने यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्सास ऑस्टिन, इंडियाना यूनिवर्सिटी, सीयू बोल्डर, और यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन मैडिसन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हिंदी पढ़ाई है।

**भारतीय भाषा हिंदी एक प्रकार से इन छात्रों के लिए एक पुल**



दाएं में डॉ. कुसुम

हिंदी में पीएच.डी. करने वाली कुसुम ने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने हिंदी को नहीं चुना, हिंदी ने मुझे चुना। हिंदी वह भाषा है जिसमें मुझे सपने आते हैं, जिसमें मैं सोचती हूं, और जिसमें मैं सबसे अधिक अपनापन महसूस करती हूं। हिंदी का साहित्य, उसकी संवेदना, उसकी गहराई, ये सब मुझे भीतरतक छूते हैं।

## 2 22 सालों से यूएसए में पढ़ा रहीं हंसा द्वीप

## साल भर में 100 अफ्रीकी, यूरोपियन और अमेरिकन बच्चों को पढ़ाती हूं हिंदी

### हिंदी के प्रति लगाव की वजह तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था



**मप्र के झाबुआ की रहने वाली हैं हंसा द्वीप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

साहित्य के क्षेत्र में निर्मल वर्मा सम्मान 2023 से सम्मानित यूएसए की यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में पढ़ाने वाली हंसा द्वीप का कहना है कि हिंदी से मुझे बचपन से ही एक विशेष लगाव रहा है। मप्र के झाबुआ की रहने वाली हंसा द्वीप कहती हैं कि इसलिए मैंने लेखन और शिक्षण को अपना प्रोफेशन चुना, आज मेरी हिंदी में लिखी हुई करीब 15 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और अब मैं यूएसए की यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में हिंदी ही पढ़ा रही हूं। जिसमें केवल भारतीय ही नहीं बल्कि अफ्रीकी, यूरोपियन और अमेरिकन बच्चे हिंदी सीखते हैं। 22 सालों से यूएसए में हिंदी पढ़ा रहीं हंसा का कहना है कि मैं साल में करीब 100 बच्चों को हिंदी पढ़ाती हूं और उन बच्चों का हिंदी के प्रति लगाव की वजह तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थवयवस्था है।

### जीएसटी रिफॉर्म्स पर पीएम मोदी ने कहा- आजादी के बाद अब तक का सबसे बड़ा फैसला

# कांग्रेस ने 'आपका बजट' बढ़ाया हमने कम किया, दिवाली से पहले खुशियों का यह 'डबल धमाका'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी में हुए सुधार को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि अगर भारत को वैश्विक स्थिति में उचित स्थान दिलाना है तो समय के साथ बदलाव बहुत जरूरी है। जीएसटी रिफॉर्म्स पर पीएम मोदी ने कहा कि समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते।

मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी। अब जीएसटी और भी सरल हो गया है। 22 सितंबर को, जो कि नवरात्रि का पहला दिन है, अगली पीढ़ी का सुधार लागू हो जाएगा क्योंकि ये सभी चीजें निश्चित रूप से मातृशक्ति से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इस बार धनतेरस की रौनक भी और ज्यादा रहेगी। क्योंकि दर्जनों चीजों पर टैक्स अब बहुत ही कम हो गया है। 8 साल पहले जब जीएसटी लागू हुआ तो कई दशकों का सपना साकार हुआ। ये आजाद भारत का सबसे बड़ा आर्थिक सुधारों में से एक था।

पीएम ने कहा कि 22 सितंबर को, जो कि नवरात्रि का पहला दिन है, अगली पीढ़ी का सुधार लागू हो जाएगा क्योंकि ये सभी चीजें निश्चित रूप से मातृशक्ति से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इस बार धनतेरस की रौनक भी और ज्यादा रहेगी

गरीब, निओ मिडिल क्लास, मिडिल क्लास महिलाएं, स्टूडेंट्स, किसान, नौजवान। सभी को जीएसटी टैक्स कम करने से जबर्दस्त फायदा होगा



मैंने वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी

**जीएसटी से किस-किस को होगा फायदा?**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में आगे बढ़ते भारत में जीएसटी में भी नेक्स्ट-जेनरेशन रिफॉर्म किया गया है। जीएसटी 2.0 ये देश के लिए सपोर्ट और ग्रोथ की डबल डोज है। नए जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा।

### भारत की अर्थव्यवस्था में जुड़े पंचरत्न

उन्होंने कहा कि जीएसटी में रिफॉर्म्स से भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, उपभोग और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा। चौथा, व्यापार करने में आसानी से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा। पांचवां, विकसित भारत के लिए सहकारी संघवाद और मजबूत होगा।

**पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में सामानों पर कितनी बड़ी मात्रा टैक्स लिया जाता था। 2014 में मेरे आने से पहले रसोई का सामान हो, खेती किसानी से जुड़े सामान हो या फिर दवाइयां हो, यहां तक जीवन बीमा पर भी। ऐसी अनेक चीजों पर कांग्रेस सरकार अलग अलग टैक्स लेती थी। अगर वही दौर होता तो आज आपको 100 रु. की कोई चीज खरीदते तो आपको 20-25 रुपए टैक्स देना होता।

### सीएम ने कहा-प्रधानमंत्री ने एक माह से कम समय में पूरा कर दिया अपना वचन

**पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति माना आभार**

# जीएसटी में कटौती से लाभान्वित होंगे देश के 90 प्रतिशत नागरिक

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुड्स एवं सर्विस टैक्स काउंसिल द्वारा जीएसटी दरों में कटौती को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वागत-योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से वादा किया था और एक माह से भी कम समय में उसे पूरा कर दिया।

डॉ. यादव ने कहा कि जीएसटी के क्रांतिकारी बदलाव से देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी यानी 125 करोड़ से अधिक देशवासी लाभान्वित होंगे। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शिक्षण सामग्री पर जीएसटी शून्य करना महत्वपूर्ण



**इस बदलाव से किसानों को भी लाभ होगा**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, कॉपी, नोटबुक पर जीएसटी 12 फीसदी से शून्य करना स्कूली बच्चों और युवाओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज के साथ देश के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। नागरिकों के हेल्थ इंश्योरेंस को टैक्स फ्री कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अतिरिक्त राहत दी गई है। आम आदमी की जरूरत की वस्तुएं जैसे- रोटी, पराठा, पनीर, छैना सस्ते होंगे। यह सामग्री बड़े पैमाने पर निर्यात भी होती है, अतः इस बदलाव से किसानों को भी लाभ होगा। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए कृषि क्षेत्र पहली प्राथमिकता है। भारतीय कृषि व्यवसाय को वैश्विक प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रैक्टर के टायर, पार्ट्स, बायोपेस्टिसाइड, माइक्रोन्यूट्रिएंस, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, स्प्रिंकलर, बागवानी की मशीनों पर जीएसटी दर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी तक लाने का निर्णय लिया है। यह कृषक कल्याण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*











**नीमच में निजी अस्पताल में मरीज की मौत**

## डॉक्टर पर एफआईआर हो..बंजारा समाज का 36 घंटे से धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नीमच




यहां निजी अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद उपजा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मरीज के परिजनों और बंजारा समाज के लोग 36 घंटे से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं, जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में एक टीआई घायल हो गए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के आदेश पर बुधवार को ही मजिस्ट्रियल जांच बैठा दी गई थी। हालांकि, मृतक के परिजन सीधे डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़े हुए हैं।






### चूहे काटने से मौत पर राहुल का हमला

## ये मौत कोई दुर्घटना नहीं यह सीधी-सीधी हत्या है



यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर के बड़े सरकारी अस्पताल एमवाय में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की हुई मौत की घटना पर मध्यप्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी बेहद करारा हमला किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार अभी तक लोगों के स्वास्थ्य का अधिकार छीन रही थी, मगर अब मां की गोद से उनके बच्चे भी छीन रही है। इंदौर में नवजात शिशुओं की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। नेता विपक्ष ने कहा कि हेल्थ सेक्टर को जानबूझकर प्राइवेट हाथों में सौंपा गया जहां इलाज अब सिर्फ अमीरों के लिए रह गया है और गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल अब जीवनदायी नहीं मौत के अड्डे बन चुके हैं। प्रशासन हर बार की तरह कहता है जांच होगी लेकिन सवाल यह है जब आप नवजात बच्चों की सुरक्षा तक नहीं कर सकते तो सरकार चलाने का क्या हक है?

# पानी में घुसकर मंत्री शिवराज ने लिया जायजा, दर्द और नुकसान का लगाया अंदाजा

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और खेतों में घुसकर जानकारी ली

एजेंसी ▶▶ अमृसर

पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ के कारण उत्पन्न आपदा की स्थिति का जायजा लेने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पंजाब पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पंजाब आए हैं और केंद्र सरकार पूरी तरह पंजाब के साथ खड़ी है।

अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद, राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एक प्राथमिक मूल्यांकन रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री को सौंपी। इसके बाद मंत्री चौहान ने स्थानीय नेतृत्व और अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली और उसके तुरंत बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने निकल पड़े।

### मैं मंत्री नहीं पंजाब का सेवक बनकर आया हूं



शिवराज ने कहा कि मैं मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि किसानों और पंजाब के सेवक के रूप में आया हूं। यहां महाविनाश और जलप्रलय की स्थिति है। खेतों में पानी भरा हुआ है। फसलें पूरी तरह से तबाह और बर्बाद हो गई हैं। स्थिति देखकर मन द्रवित है।

### किसानों का ढांढस बंधाया

शिवराज सिंह चौहान ने अमृतसर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और घोनेवाल गांव में किसानों से बातचीत की। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसानों के दुख दर्द में वह उनके साथ है। मंत्री शिवराज ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। शिवराज सिंह ने बाढ़ प्रभावित किसानों से बातचीत की और उनका ढांढस बंधाया।

### पूरा देश और केंद्र पंजाब के साथ



*शिवराज ने कहा कि पंजाब ने हमेशा देश के संकट को अपने सीने पर लिया है और अब जब पंजाब पर संकट है, तो पूरा देश और केंद्र सरकार इसके साथ है। अमृतसर एविएशन क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी थे।*

### अधिकारियों के साथ बैठक की

चौहान ने गुरुवार को अमृतसर जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान और देर शाम अमृतसर में अधिकारियों के साथ बैठक की।

### किसानों से की सीधी बातचीत

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ और वरिष्ठ नेता तरुण चुघ के साथ अमृतसर के अजनाला गांव का दौरा किया। वहां उन्होंने किसानों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। एक किसान ने उन्हें अपनी बर्बाद हुई फसल दिखाई। शिवराज ने किसानों को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### सरकार की हालात पर नजर, हर संभव मदद देंगे

*बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं अपने किसान भाई-बहनों और अन्य बाढ़ प्रभावित लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है। राज्य सरकार के साथ मिलकर हर संभव मदद दी जाएगी।पंजाब भारी बारिश के चलते भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। वीडियो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंजाब गंभीर स्थिति में है, जहां एक ओर अपने लोगों को लोग मरता देख रहे हैं वहीं, बेजुबान जानवर भी इसका शिकार हो रहे हैं। बाढ़ में भैंस-गाय और बाकी मवेशी भी बह गए। दृश्य दिल दहला देने वाले हैं।*

## यदि मराठा आरक्षण पर धोखा मिला, तो चुनाव में चटा देंगे धूलः जरांगे

**मुंबई।** मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को चेतावनी दी कि अगर मराठा समुदाय को आरक्षण के मुद्दे पर धोखा मिला, तो वे चुनावों में सत्तारूढ़ दलों को 'धूल चटवा देंगे'। उन्होंने यह भी कहा कि मराठा समाज के सभी लोगों को ओबीसी वर्ग में शामिल किया जाएगा। जरांगे एक निजी अस्पताल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। मुंबई में 5 दिन की भूख हड़ताल खत्म करने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## एनडीए ने किया बिहार बंद

# भाजपा के 5 घंटे राहुल-तेजस्वी के 16 दिन पर पड़े भारी, भाजपा खुश

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने गुरुवार को पीएम मोदी के 'मां की गाली' को मुद्दा बनाकर एक दिन का बिहार बंद रखा। बंद को सफल बनानेभाजपा के सभी बड़े नेता, केंद्रीय मंत्रियों से लेकर बिहार सरकार के कई मंत्री और विधायक तक सड़कों पर उतरे और विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया। यह बंद न केवल राज्य में जनजीवन को प्रभावित करने में सफल रहा, बल्कि भाजपा को आगामी बिहार चुनाव के लिए एक नया और भावनात्मक नैरेटिव सेट करने का मौका भी दिया है।

भाजपा ने राज्य की जनता और विपक्षी पार्टियों को एक बड़ा संदेश जरूर दे दिया है। भाजपा का एक दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के 16 दिन के 'वोटर अधिकार यात्रा' पर भारी पड़ा?भाजपा, जनता दल यूनाइटेड समेत सहयोगी दलों के कार्यकर्ता सड़कों पर बड़ी संख्या में उतरे थे। बंद 5 घंटे का था।

# कांग्रेस अपने समय में जीएसटी लागू करना मानती थी असंभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी सुधार पर कांग्रेस पार्टी के तंज पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समय जीएसटी को लागू करना असंभव मानती थी, लेकिन मोदी सरकार ने न केवल इसे सफलतापूर्वक लागू किया, बल्कि अब आम लोगों पर बोझ कम करने के लिए दूसरे चरण के सुधारों के साथ इसे आगे बढ़ा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि क्या कांग्रेस पार्टी तंबाकू और गुटखे पर पांच प्रतिशत कर की मांग कर रही है? कांग्रेस चाहती है कि हम इसे पांच प्रतिशत पर दें। कांग्रेस अपने समय में जीएसटी को लागू करना असंभव मानती थी। हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में दूसरी पीढ़ी के सुधार लागू किए हैं, ताकि लोगों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों पर राहत मिले।

### कांग्रेस इसका समर्थन करेगी या नही

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुधार अनुपालन को आसान बनाकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि वह लोगों को लाभ पहुंचाने वाले उपायों का समर्थन करती है या विरोध। इन सुधारों से एमएसएमई और श्रम-प्रधान इकाइयों को भी राहत मिलेगी, जिससे अनुपालन आसान होगा। कांग्रेस को तय करना चाहिए कि वह लोगों के हित में मुद्दों पर विरोध करना चाहती है या समर्थन।

## नवजात बच्ची को चुराने पर महिलाएं गिरफ्तार

रेवाड़ी।

हरियाणा के रेवाड़ी में सरकारी अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड से नवजात बच्ची के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात में शामिल दो महिलाओं को अस्पताल स्टाफ और परिजनों की सतर्कता से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। दोनों आपस में सास-बहू हैं व राजस्थान की रहने वाली हैं।

## हिट-एंड-रन मामले पर मुंबई पुलिस को फटकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने तीन साल पहले हुए हिट-एंड-रन मामले की जांच में ढुलमुल रवैया अपनाने पर मुंबई पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पुलिस जांच अपेक्षित मानकों पर खरी नहीं उतरी और कोर्ट के दखल के बाद ही मामले में कुछ तेजी आई। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम की बेंच ने यह बात कही।

GURU RAMDAS KHALSA COLLEGE OF PHARMACY, Barela, Jabalpur (M.P.)
Add. - Kukdikheda, Mahngawa road, Barela, jabalpur, M.P.

Invites applications from eligible candidates for various teaching and non-teaching positions for New college.

For teaching staff, candidates must possess a minimum qualification of M. Pharm in the relevant discipline (Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacognosy, etc.).

For non-teaching staff, the minimum qualification required is D.Pharm for the post of Lab Technician and 12th pass (Science preferred) for the post of Lab Attendant.

Interested candidates are requested to send their applications on plain paper along with a detailed bio-data, copies of relevant documents, and a recent passport size photograph to the email address- grkcpjbp@gmail.com and by post on college address within 10 days from the date of publication of this advertisement.






## खबर संक्षेप

### भारत में शिशु मृत्यु दर आंकड़ों में सुधार

**नई दिल्ली।** भारत में लंबे समय से शिशु मृत्यु दर एक गंभीर चिंता का विषय रहा है। हालांकि आधुनिक चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, टीकाकरण अभियान, प्रसव के दौरान बेहतर मेडिकल सुविधाओं के चलते इसमें सुधार देखा गया है। एसआरएस रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर में काफी सुधार देखा गया है।

### क्रिकेटर शिखर धवन से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने क्रिकेटर शिखर धवन से ऑनलाइन सट्टेबाजी (बैटिंग) से जुड़े एक मामले में 8 घंटे तक पूछताछ की। अब मनी ट्रेल की जांच को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी। ईडी अब इस मामले में कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर से भी पूछताछ करेगी, जिन पर एप के प्रचार का आरोप है।

### भिंड में बाइक सवार को बचाने में पलटी स्कार्पियो

**मेहगांव।** मेहगांव थाना क्षेत्र से निकले ग्वालियर-इटावा हाइवे बरहद के पास गुरुवार की दोपहर ग्वालियर की तरफ से आ रही काले रंग की स्कार्पियों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। इस हादसे में गाड़ी में सवार चार लोगों में से दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक की गंभीर हालत में उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

**हरकत : रीवा के त्योंथर तहसील में महिला न्यायाधीश को धमकी भरा मिला पत्र**

# स्पीड पोस्ट के जरिए लिखा-जिंदा रहना है तो 5 अरब लेकर जंगल में आ जाना

*निजी रंजिश के चलते किसी को फंसाने के लिए लिखा गया पत्र पुलिस ने कर दिया खुलासा*

**यूपी के प्रयागराज से भेजा गया धमकी भरा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

अपराधी अब न्यायाधीश को भी धमकी देने से नहीं डर रहे। ताजा मामला रीवा जिले के त्योंथर तहसील क्षेत्र से आया है, यहां पर पदस्थ न्यायाधीश को उत्तर प्रदेश के एक शख्स ने धमकी भरा स्पीड पोस्ट भेजकर सनसनी फैला दी। सिरफिरे ने न्यायाधीश को ये तक लिख दिया कि अगर जिंदा रहना है तो 5 अरब रूपए देने होंगे। मामला रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत त्योंथर न्यायालय का है। बीते दिनों न्यायालय में पदस्थ प्रथम व्यवहार न्यायाधीश मोहिनी भदौरिया के नाम से एक स्पीड पोस्ट आया था। धमकी भरा पत्र उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले से आया था।

पत्र बारा थाना अंतर्गत लोहगारा निवासी संदीप सिंह के नाम से भेजा गया था। पत्र के जरिए शख्स ने खुद को दस्यु सरगना डकैत हनुमान के गिरोह का साथी बताया। पत्र मे यह भी लिखा था कि फिरौती की रकम 1 सितंबर को शाम 7:45 बजे उत्तर प्रदेश के बडगड़ के जंगल में लेकर आना है। आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस की एक टीम पहले ही उत्तर प्रदेश भेजी गई थी। आरोपी देवराज सिंह से आवश्यक साक्ष्य जब्त किए गए और उसे गिरफ्तार कर त्योंथर न्यायालय में पेश किया गया है।



**» पत्र भेजने वाले ने खुद को दस्यु सरगना डकैत हनुमान के गिरोह का सदस्य बताया**

**» सीसीटीवी कैमरे और हैंड राइटिंग से पकड़ाया आरोपी**

**ताकि, हैंडराइडिंग की पहचान हो सके...**

### पूरे गांव को दिखाया गया धमकी भरा पत्र

पुलिस ने आरोपी देवराज सिंह को गुरुवार शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पत्र प्रेषित करने वाले का नाम पत्र में संदीप सिंह पिता छत्रपाल सिंह निवासी सुंदरपुर लोहगरा थाना बारा जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश लिखा था। कोर्ट से आवेदन मिलने पर थाना सोहागी में अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान ग्राम सुंदरपुर लोहगरा जाकर संदीप सिंह से पूछताछ की और उसकी हैंड राइटिंग ली गई। इसके साथ धमकी भरे पत्र को पूरे गांव में दिखा कर पता किया गया कि यह राइटिंग किसकी हो सकती है। संदीप सिंह से पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि कुछ दिन पहले उसका गांव के ही देवराज सिंह से विवाद हुआ था। उसी ने इसे फंसाने के लिए ऐसा पत्र लिखा होगा।

### देवराज ने ही प्रयागराज से की थी रजिस्ट्री

डाक पत्र की जानकारी लेने पर पाया गया कि धमकी भरा पत्र प्रयागराज के डाक घर से रजिस्ट्री किया गया है। इस संबंध में और जानकारी लेने पर पाया गया कि पत्र को आरएमएस डाक घर प्रयागराज से रजिस्ट्री किया गया है। जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो पता चला कि 28 सितंबर को देवराज सिंह आरएमएस डाक घर प्रयागराज से पत्र रजिस्ट्री की थी। इसके बाद पुलिस ने देवराज सिंह को अभिरक्षा में लिया।

### देवराज ने संदीप को फंसाने के लिए उसका नाम लिखा

देवराज ने पूछताछ में बताया कि संदीप सिंह ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट उसने थाना बारा जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश में की थी। लेकिन वहां की कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं था। जिस कारण बदला लेने और संदीप सिंह को फंसाने के लिए उसने उसके नाम से फिरौती मांगने का धमकी भरा पत्र न्यायाधीश को पोस्ट किया।

**खाद वितरण के लिए बनाए गए केंद्र की घटना**

# मेहगांव में खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसानों पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

गुरुवार को मेहगांव कृषि उपजमंडी में खाद वितरण के लिए बनाए गए केंद्र पर पर्ची के लिए लाइन में खड़े किसानों पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। इस वजह से काउंट के बाहर अफरा-तफरी मच गई। वहीं इस घटना में खाद की पर्ची के लिए लाइन में खड़े चाचा-भतीजे और एक महिला घायल हो गई।

- लाइन में आगे आने के लिए पहले हुई धक्का-मुक्की



### *तीन की जगह दो ही काउंटर चालू किए*

*पत्थर लगने से घायल हुए किसान राहुल शर्मा ने बताया कि खाद वितरण कि लिए बुधवार को तीन काउंटर शुरू किए गए थे, लेकिन गुरुवार को दो ही काउंटर खोले गए। करीब साढ़े 11 बजे मैं और मेरे चाचा पर्ची के लिए लाइन में लगे थे ।*

# आईआईटी मद्रास के प्रो. मितेश खापरा एआई के 100 प्रभावशाली लोगों में शुमार

**» भारत सरकार के भाषिणी मिशन में उनका योगदान**



**चेन्नई।** दुनिया की प्रतिष्ठित मैगजीन में शुमार 'टाइम' ने आईआईटी मद्रास के प्रोफसर मितेश खापरा को एआई की दुनिया में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया हैं। टाइम पत्रिका ने प्रोफेसर खापरा को यह सम्मान इसलिए दिया है कि वह उन्होंने भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी और एआई 4 भारत में शानदार काम किया है। इस सूची में एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन जैसे वैश्विक नाम भी हैं। खापरा को प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग में उनके शोध के लिए सम्मानित किया गया है। उनका काम खासतौर पर भारतीय भाषाओं पर केंद्रित है। भारत सरकार के भाषिणी मिशन में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है, जिसका उद्देश्य एआई के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में डिजिटल सेवाएं प्रदान करना है।

Government of India
Ministry of Road Transport and Highways




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी: helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0010/2526

लीक से हटकर / शिखर चंद जैन

बच्चो, अपने देश में सामान्य स्कूलों से हटकर कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों को शिक्षा बहुत अलग ढंग से दी जाती है। इन स्कूलों में बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं पाते, वे प्रकृति से जुड़कर और अन्य माध्यमों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, रचनात्मक बनते हैं। साथ ही शिक्षा एक आनंद के साथ ग्रहण करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे स्कूलों के बारे में।

# ये अनोखे स्कूल



## पढ़ने, वाद-विवाद के माध्यम से शिक्षण

### लेवलफील्ड स्कूल, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हुस्नाबाद गांव में स्थित लेवलफील्ड स्कूल की स्थापना




भारतीय शिक्षा प्रणाली के पारंपरिक तरीकों से अलग कुछ अनोखे ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई है। यह स्कूल रटने या पाठ्य पुस्तक-आधारित शिक्षा पर ही केंद्रित रहने के बजाय पढ़ने, चर्चा करने, वाद-विवाद और मल्टीमीडिया तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। चाहे अंग्रेजी हो, गणित हो या कोई और विषय, सीखने के लिए पहेलियों, एप्स और खेलों का उपयोग किया जाता है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छोटी उम्र से ही एनिमल फार्म, गुलिवर्स ट्रैवल्स और मैकबेथ जैसी क्लासिक किताबें पढ़ते हैं, इन पर चर्चा करते हैं। उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित फिल्में भी दिखाई जाती हैं। इस स्कूल के संस्थापक अर्घ्य बनर्जी बताते हैं, 'इस तरह की एक्टिविटीज का उद्देश्य चीजों को जीवंत बनाना और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना है।' *

## नॉलेज के साथ एंज्वॉय कराती स्टडी

### द यलो ट्रेन स्कूल, तमिलनाडु

**तमिलनाडु में** कोयंबटूर के शांत और हरे-भरे क्षेत्र में स्थित द यलो ट्रेन स्कूल बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करता है। स्कूल कैंपस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बच्चों को रचनात्मकता और उनकी स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित करता है। खेतों में घूमना, वन्यजीवों के बारे में सीखना, वाद्ययंत्र बजाना, गलियारों में टायर पर झूलना, मिट्टी के बर्तन बनाना जैसे कई इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज में बच्चे शामिल होते हैं।

यहां के टीचर्स अपने स्टूडेंट्स से दोस्तों की तरह व्यवहार करते हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नॉलेज गेन करने के साथ-साथ खूब एंज्वॉय भी करते हैं। यहां पाठ्य पुस्तकों, कोर्स की तैयारी के साथ-साथ बच्चों के ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता है। *

## झील पर तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय

### लोकटक लेक स्कूल, मणिपुर


**अजीब-सी** बात लग सकती है, पानी में तैरता हुआ स्कूल! लेकिन यह सच है।



मणिपुर राज्य का लोकटक लेक स्कूल, ऐसा ही एक अनोखा स्कूल है, जो पानी पर तैरता है। यह भारत का पहला तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय है, जो लोकटक झील के ऊपर फुमदी (पानी में तैरते हुए वनस्पति के बड़े-बड़े टुकड़े) पर बना है। इस स्कूल को केवल दो शिक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्कूल में वे स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, जो झील के किनारे रहते हैं। स्थानीय लोग और छात्र पर्यावरण-अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) तरीकों को अपनाते हैं, जैसे सौर पैनल और वर्षा जल संचयन, ताकि झील के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखा जा सके। इस अनोखे स्कूल की शुरुआत ऑल लोकटक लेक एरियाज फिशरमैन यूनियन, मणिपुर (ALLAFUM) और पीपल रिसोर्सेज डेवलपमेंट एसोसिएशन ने मिलकर की है। *

## मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल

### चिराग स्कूल, उत्तराखंड



**उत्तराखंड के** नैनीताल जिले के सिमायल गांव के निकट ओडाखान में स्थित चिराग स्कूल की स्थापना 2006 में हुई थी। यह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक हिंदी माध्यम का स्कूल है। यह स्कूल 'चिराग' नामक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। शिक्षा शास्त्री कनाई लाल ने हिमालय की गोद में इस स्कूल की शुरुआत की थी। उनका लक्ष्य बच्चों को मिट्टी के घरों से लेकर माइक्रोचिप्स तक, हर चीज की एक अनूठे अंदाज में समग्र समझ प्रदान करना था। यह स्कूल मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल है। इस अनोखे स्कूल का डिजाइन आस-पास के तीन गांवों के निवासियों, शिक्षकों और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित हुआ है। *

## दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण

### वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, मध्य प्रदेश



**बच्चो, तुम्हें** जानकर आश्चर्य होगा कि अपने देश में एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पढ़ने वाले बच्चे एक नहीं, दोनों हाथों से लिखते हैं। इससे भी बड़ी हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से 15 किलोमीटर दूर बुधेला नामक स्थान पर वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा विद्यार्थी दोनों हाथों से लिखने की कला में माहिर हैं। इस स्कूल की शुरुआत 1999 में की गई थी। इस स्कूल को विरंगत शर्मा ने शुरू किया था। वह बताते हैं, 'मुझे यह सीख देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मिली। यहां छात्रों को पहली कक्षा से ही दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें छह अलग-अलग भाषाएं भी सिखाई जाती हैं।' *

प्रतिभा / अंजू जैन

# असाधारण मेधा शक्ति वाले नन्हे शिक्षक

बच्चो, तुम्हारी ही उम्र के कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। अपने विषय की गहन जानकारी रखने वाले ये प्रतिभावान और ज्ञानी बच्चे किसी शिक्षक से कम नहीं हैं। मिलो, ऐसे ही प्रतिभावान तीन बच्चों से।

## अवि शर्मा: बालमुखी रामायण का रचयिता और वैदिक गणित का ज्ञाता



**इंदौर, मध्य** प्रदेश के अवि शर्मा ने सन 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में हिंदी में 'बालमुखी रामायण' लिखी। अवि द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ में 250 छंदों के साथ रामायण की प्रमुख घटनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अवि वैदिक गणित के सबसे युवा प्रशिक्षकों में से भी एक है। उसने करीब 150 छात्रों को वैदिक गणित सिखाया है। इन सबके अलावा अवि ने एक आवाज-संचालित कंप्यूटर प्रोग्राम 'माधव' (माय एडवांस्ड डोमेस्टिक हैंडलिंग एआई वर्जन) विकसित किया है, जो विभिन्न भाषाओं में काम करता है। इसे बनाने में अवि को मात्र दो सप्ताह का समय लगा था। 2022 में अवि को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उसने वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की और उन्हें गीता के श्लोक सुनाए। साल 2023 में, इंदौर गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अवि शर्मा को सम्मानित किया था। *

## कृतिन गुप्ता : पढ़ा रहा आईआईटी लेवल की मैथमेटिक्स



**दिल्ली का** रहने वाला कृतिन गुप्ता अपनी उम्र से कहीं आगे की बुद्धि रखता है। वह छोटी उम्र से ही गणित में रुचि लेने लगा था। जब कृतिन दस वर्ष का था, तभी से वह स्टूडेंट्स को आईआईटी लेवल का गणित पढ़ाने लगा था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपनी उम्र से काफी बड़े छात्रों को गणित पढ़ाने के कारण कृतिन को 'ग्रैंड मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। कृतिन बीते पांच वर्षों से स्कूल ही नहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी गणित पढ़ा रहा है। कृतिन का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

## कौटिल्य पंडित: जनरल नॉलेज का मास्टर



**हरियाणा के** करनाल जिले के कोहंड गांव में जन्मा कौटिल्य पंडित मात्र 5 वर्ष की आयु में ही विश्व के प्रत्येक देश की सीमाओं, क्षेत्रों और अन्य विवरणों को मौखिक रूप से याद कर चुका था। साथ ही सौरमंडल के प्रत्येक ग्रह और उपग्रह के नाम और आकार भी उसे जुबानी याद थे। इसके अलावा गणित, करेंट टॉपिक्स, इतिहास, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विषयों पर भी कम उम्र में ही उसकी अच्छी पकड़ थी। उसकी असाधारण बुद्धि और विलक्षण ज्ञान के कारण लोग उसे 'गूगल ब्वॉय' के नाम से बुलाने लगे थे। कौटिल्य समय-समय पर विशेष वर्कशॉप में बच्चों को पढ़ाता भी है। जनवरी 2020 में गूगल ब्वॉय कौटिल्य ने चाइल्ड प्रोडिजी पुरस्कार जीता। अब 17 साल के हो चुके कौटिल्य पंडित का चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन में मास्टर ऑफ फिजिक्स कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए कौटिल्य को 25 लाख की स्कॉलरशिप भी मिली है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, कुछ ही समय पहले बाल कहानियों की एक किताब आई है, जिसका नाम है- गूंगी गुड़िया। इसमें कुल बारह कहानियां हैं।




ये ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने को मिलेगा। यही नहीं ये सारी कहानियां तुमको समझदार भी बनाएंगी। पहली कहानी 'गूंगी गुड़िया' में तुम पढ़ोगे कि चिंकी किस तरह से मेले में खो जाती है और अपराधियों के चंगुल में फंसने के बाद भी हिम्मत नहीं हारती। फिर समझदारी और बहादुरी से बच निकलती है। 'सच्चे संगी साथी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह मुश्किल समय में आदित्य के दोस्त उसकी मदद करते हैं? कुछ बच्चे स्मार्टफोन पर गेम्स खेलते रहते हैं या उनको फोन से फोटो क्लिक करने में बड़ा मजा आता है। लेकिन ऐसा करने के चक्कर में लापरवाही बरतना किस तरह खतरनाक हो सकता है, इसे तुम 'लाइक, कमेंट का चक्कर' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'रोटी के बदले समोसे', 'काल करे सो आज कर' और 'जब तान्या शर्मिंदा हुई' कहानियों में भी तुम्हें अच्छी सीख मिलेगी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब :** गूंगी गुड़िया (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य :** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल

## हंसगुल्ले



**टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन:** मैम, क्योंकि उनके दांत नहीं होते।


-दीपक, धमतरी

**साइंस टीचर:** बच्चो, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल:** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?

-ज्योत्सना, रोहतक

## जीके क्विज-169

1. हाल में किस भारतीय महिला तीरंदाज ने जूनियर विश्व तीरंदाजी खिताब जीता?
2. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
4. पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक कौन थे?
5. दुनिया के किस शहर को हीरे की राजधानी कहा जाता है?
6. ब्रिटिश भारत के प्रथम वायसराय कौन थे?
7. भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम कौन सा है?
8. हाल में देश में निर्मित पहले माइक्रोचिप का क्या नाम है?
9. सूर्य की किरणों से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?
10. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-169 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-168 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.मेजर ध्यानचंद, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.टेबल टेनिस, 5.खेल प्रशिक्षक (कोच), 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.ग्यारह, 8.टेनिस, 9.क्रिकेट, 10.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**जीके क्विज-168 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अजित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, हर्षिता-रायपुर, अजय-बिलासपुर, दीपक-रायगढ़, सुशील-बालोद, सौम्या-धमतरी, राकेश-महासमुंद



कहानी

पूर्ति खरे

रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ टीचर-टीचर खेल रही थी। रैना टीचर बनी थी रिद्धि स्टूडेंट। रैना के एक सवाल के जवाब में रिद्धि ने कह दिया, 'शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।' यह बात वहां बैठे रैना के दादा जी ने सुन ली। उन्होंने रिद्धि को खेल-खेल में ऐसा सबक सिखाया कि उसे अपने कहे पर बहुत पछतावा हुआ।

# खेल टीचर-टीचर का



रविवार की एक दोपहर रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ बरामदे में टीचर-टीचर वाला खेल, खेल रही थी। वहीं बरामदे में दूसरी ओर कुर्सी पर रैना के दादा जी अखबार पढ़ रहे थे। वे बीच-बीच में उनका खेल बड़े ध्यान से देख रहे थे। इस खेल में रैना टीचर थी, उसकी सहेली रिद्धि स्टूडेंट। टीचर बनी रैना अपने दादा जी का पुराना टूटा हुआ चश्मा पहन कर मैडम वाले अंदाज में सवाल पूछ रही थी, 'रिद्धि बताओ, शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?'

'नहीं पता! वैसे भी शिक्षक दिवस है तो शिक्षकों को ही पता होगा, मुझे इससे क्या मतलब, मैं तो स्टूडेंट हूं।' रिद्धि सवाल का मजाक बनाती हुई बोली।

रैना ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए दूसरा प्रश्न पूछा, 'पांच सितंबर को मनाया जाता है शिक्षक दिवस। अच्छा! चलो यह बताओ कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है?'

रैना के सवाल पर रिद्धि फिर हंसती हुई बोली, 'फालतू में मनाया जाता है, क्योंकि शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।'

रिद्धि बहुत शरारती बच्ची थी, दूसरों की हंसी उड़ाना उसकी आदत थी। उधर टीचर का परिहास होता देख दादा जी को बहुत गुस्सा आया, उन्होंने मन ही मन में तय किया कि वे रिद्धि को उसकी गलती का एहसास कराएंगे। दादा जी भी दोनों बच्चियों के इस टीचर-टीचर वाले खेल में शामिल हो गए, बोले, 'रिद्धि, तुम लोगों का खेल तो बड़ा अनोखा है। अब ऐसा करो, मैं और रैना स्टूडेंड बनते हैं और तुम टीचर बन जाओ।'

दादा जी को स्टूडेंड बनता देख रिद्धि टीचर बनने को तुरंत राजी हो गई। अब रिद्धि ने दादा जी का पुराना चश्मा पहना और टीचर के अंदाज में बोली, 'चलो! सब अपनी-अपनी ड्रॉइंग कॉपी निकाल कर शेर का चित्र बनाओ।'

दादा जी और रैना चित्र बनाने लगे। दादा जी ने शेर की जगह लोमड़ी का चित्र बना दिया। रिद्धि उनका चित्र देखकर बोली, 'यह तो लोमड़ी का चित्र है, मैंने शेर बनाने को कहा था। इसे मिटाकर फिर बनाओ।' लेकिन दादा जी ने नहीं सुनी, वह लगातार अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाते रहे लेकिन शेर का चित्र उन्होंने नहीं बनाया। रिद्धि यह देखकर सिर पर हाथ रख कर बैठ गई। दादा जी बोले, 'रिद्धि टीचर! मुझे शेर बनाना नहीं आता, प्लीज आप बताओ ना कि कैसे बनाते हैं शेर?' रिद्धि को शेर बनाना नहीं आता था, इसलिए वह बात को टालते हुए बोली, 'ऐसा करो फूल बना दो।'

'पर मुझे फूल बनाना भी नहीं आता टीचर!' दादा जी बच्चे जैसे अंदाज में बोले।

रिद्धि खीझ कर बोली, 'तो ऐसा करो, कुछ मत करो, बस मुंह पर चुपचाप अंगुली रख कर बैठ जाओ।'

दादा जी कहां मानने वाले थे, उन्होंने बच्चों की तरह गुस्सा कर अपनी और रैना की कॉपी फाड़ दी और जोर-जोर से रोने लगे। रिद्धि उन्हें चुप करा-करा कर थक गई, पर वे चुप नहीं हुए। थक-हार कर वह बोली, 'मुझे नहीं बनना कोई टीचर-टीचर, यह मेरे बस का काम नहीं है। ऐसे शैतान बच्चे को मैं नहीं पढ़ा सकती।'

रिद्धि की बात पर दादा जी नॉर्मल होकर बोले, 'क्यों अब समझ आया कि शिक्षक बनना कितना मुश्किल है? जरा-सी देर तुम एक शैतान बच्चे को नहीं संभाल पाईं। सोचो शिक्षक तो रोज ऐसे कई बच्चों को अकेले संभालते हैं। जब मुझसे शेर का चित्र नहीं बना तो तुमने इस बात को टाल दिया पर शिक्षक ऐसे बातों को टालते नहीं हैं। वे अपने विद्यार्थी के हर सवाल का हल बताते हैं, उसकी हर जिज्ञासा को शांत करते हैं।'

रिद्धि, दादा जी का सबक समझ गई थी। वह शर्मिंदा होकर चेहरे को लटका कर खड़ी थी। दादा जी आगे बोले, 'तुम अभी कह रही थीं कि शिक्षक डांटने और पढ़ाने के सिवाय करते ही क्या हैं? तो सुनो कि शिक्षक क्या करते हैं और क्या होते हैं?' एक शिक्षक की भूमिका कितनी बड़ी होती है, दादा जी ने रिद्धि को विस्तार से बताया, 'जो हमें ज्ञान का पाठ पढ़ा कर जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं, वे होते हैं शिक्षक। जो सही-गलत के बीच का भेद बताते हैं, वे होते हैं शिक्षक। अरुचि को रुचि में, आलस्य को ऊर्जा में, अंधकार को प्रकाश में, मूर्खता को विवेक में, कमजोरी को शक्ति में बदल देने वाला यदि कोई है तो वह शिक्षक है।'

अपने बर्ताव पर रिद्धि को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, वह बोली, 'दादा जी! माफ करें, अब से मैं हर शिक्षक का सम्मान करूंगी। सदा उनके बताए गए मार्ग पर चलूंगी।'

दादा जी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'बात केवल सम्मान की नहीं है रिद्धि बेटा! बात है शिक्षक के महत्व को समझने की। तुम्हारे शिक्षक हर मौसम में, अपनी व्यक्तिगत परेशानियों को किनारे करके तुम सबको पढ़ाते हैं। विषय कितना भी अरुचिकर क्यों न हो, उसे वे सदा रोचकता से पढ़ाने की कोशिश करते हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक आने वाले कल का, तुम सबके निर्माणकर्ता होते हैं, तभी तो महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।' *

कविता

शिवचरण चौहान



## शिक्षक

विद्यालय में हमें पढ़ाते
वह शिक्षक हैं कहलाते।
एक-एक अक्षर हमको
पढ़ना-लिखना सिखलाते।।
गणित और विज्ञान पढ़ाते
हिंदी के संग अंग्रेजी।
जब वे पढ़ाएं हमको तो
आती है बुद्धि में तेजी।।
पढ़ा-लिखा कर बचपन में
हमको करते हैं तैयार।
कहते आगे बढ़ना सीखो
कभी न मानो हार।।
ऐसे ज्ञानी शिक्षक सच में
होते हैं बहुत महान।
आज शिक्षक दिवस पर
हम करते उनका सम्मान।।

## रंग भरो-184

**रंग भरो-184** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



आशना, जांजगीर



देवांश, भिवानी



केशव, जांजगीर



आदित्य, खैरागढ़



सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सानवी-बिलासपुर, समृद्धि-शहडोल, अभिषेक-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राहुल-करनाल, सौम्या-बिलासपुर, यतीश-कोरबा, हर्ष-बालोद



## रंग भरो 185



बच्चो, यहां दिए गए रेखाचित्र में सार्थक को उसकी ट्यूशन टीचर पढ़ा रही हैं। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

हरियाणा सरकार

"अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी सोच के साथ देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी



## हरियाणा राज्य की औद्योगिक, दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष लाभ





## हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ

### बोर्ड द्वारा श्रमिकों हेतु कल्याणकारी योजनाएं

1. श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल की वर्दी, किताबें व कापियां आदि खरीदने हेतु वित्तीय सहायता- ₹3,000 से ₹4,000 तक
2. श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने हेतु योजना - ₹2,000 से ₹31,000 तक
3. श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा विकसित करने हेतु योजना- ₹2,000 से ₹31,000 तक
4. व्यावसायिक कोर्स हेतु कोचिंग योजना- ₹20,000 से ₹1,00,000 तक
5. छात्रवृत्ति योजना - ₹10,000 से ₹21,000 तक
6. कन्यादान योजना - ₹51,000
7. शगुन योजना - ₹21,000
8. प्रसूति योजना - ₹12,000 (लड़का होने पर) तथा ₹15,000 (लड़की होने पर)
9. साइकिल योजना - ₹5,000
10. चश्मा योजना - ₹1,500







11. सिलाई मशीन योजना - ₹4,500
12. एल.टी.सी. योजना - ₹1,500
13. श्रमिकों की किसी भी कारण से अपंगता होने पर वित्तीय सहायता- ₹1,00,000 से ₹3,00,000 तक
14. डेंटल केयर/डेंचर लगवाने हेतु योजना- ₹4,000 से ₹10,000 तक
15. तिपहिया साइकिल (TriCycle) योजना - ₹7,000 तक
16. शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए वित्तीय सहायता- ₹20,000 से ₹30,000 प्रतिवर्ष
17. श्रवण मशीन/Hearing Aids योजना - ₹10,000
18. कृत्रिम अंग लगाने हेतु योजना - साकेत अस्पताल, पंचकूला द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार
19. श्रमिकों की विधवाओं व आश्रितों को आर्थिक मदद - ₹3,00,000
20. दाह-संस्कार योजना - ₹15,000
21. मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना - ₹5,00,000

अगर आप औद्योगिक व वाणिज्यिक क्षेत्र या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कॉन्ट्रैक्ट / स्थायी कर्मचारी हैं तो जल्द ही अपना पंजीकरण करवाकर पाएं योजना का लाभ

**पंजीकरण कैसे करें?**

- अपने नियोक्ता से संपर्क करें
- https://hrylabour.gov.in / https://saralharyana.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करें

अधिक जानकारी के लिए
टोल फ्री नं. 1800-180-2129

**श्रम विभाग, हरियाणा**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# ट्रांसपोर्टरों ने की मप्र में वाहन दुर्घटना राहत कोष बनाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी, इंदौर सहित प्रदेशभर के ट्रांसपोर्टर और परिवहनकर्ताओं में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव और परिवहन आयुक्त से मांग की है कि परिवहनकताओं के लिए वाहन दुर्घटना राहत कोष बनाए। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि मध्यप्रदेश में वाहन दुर्घटना में घायल वाहन चालक एवं आमजनता का उपचार अस्पताल में रुपए के अभाव में ठीक तरीके से नहीं होता है ,क्योंकि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पुलिस या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अस्पताल लाते हैं। घायल व्यक्ति का रुपए के अभाव में सही ढंग से इलाज नहीं हो पाता है और वह काल के गाल में समा जाता है। इसलिए मध्यप्रदेश में वाहन दुर्घटना राहत कोष बनाया जाए।

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि वाहन दुर्घटना में घायल होने वाले चालक का इलाज 1 लाख तक का प्रत्येक अस्पताल में मुफ्त किया जाए। क्योंकि घायल व्यक्ति के परिवार, मां-बाप या मालिक को पहुंचने में 1 से 2 दिन का समय लग जाता है और पैसों के अभाव में घायल को सही इलाज नहीं मिलता है। अगर समय पर घायल व्यक्ति को सही इलाज मिल जाए तो बहुत से लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। बहुत से लोगों के हाथ-पैर बचाए जा सकते हैं। दुर्घटना राहत कोष बनाने से घायल का तुरंत इलाज होने लगेगा। जो एक पुण्य का भी काम होगा।



### फंड की व्यवस्था जनसहयोग से की जाए

ट्रक ऑपरेटर एवं ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन इंदौर अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहाकि मध्यप्रदेश वाहन दुर्घटना राहत कोष के लिए फंड की व्यवस्था जनसहयोग से प्रदेश में रजिस्टर्ड होने वाले वाहनों पर वाहनों की श्रेणी अनुसार एक निश्चित दर से टैक्स लगाकर एवं आधा हिस्सा राज्य सरकार द्वारा जमा कर की जा सकती है। अतः ट्रांसपोर्टरों की इस मांग और सुझाव को परिवहन विभाग के अफसर, मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर प्रदेश में वाहन चालकों के हित में लागू कराए ।

### ट्रांसपोर्टर सीएल मुकाती ने लिखा पत्र

*आईटीओटीए के अध्यक्ष सी एल मुकाती ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल में एक लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलने से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पत्र लिखने का मकसद दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करना है। पत्र में एमपी वाहन दुर्घटना राहत कोष बनाने की मांग की गयी है। उनका कहना है कि धन की कमी के कारण सड़क दुर्घटना में घायल ड्राइवरों और आम जनता को इलाज की व्यवस्था गंभीर मुद्दा है. पत्र में जोर दिया गया है कि दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर्स के दौरान मेडिकल अटेंशन जरूरी है। घायल को अस्पताल ले जाने पर परिजन या परिचित को पैसों का इंतजाम करने में 1 से 2 दिन लगते हैं।*

# विदेशियों पर चढ़ा भारतीय हल्दी का रंग

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सरकार हल्दी निर्यात को बढ़ावा दे रही है। जिसका असर दिखने लगा है। बीते कुछ वर्षों के दौरान हल्दी निर्यात बढ़ रहा है। हल्दी के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ रही है।

भारतीय हल्दी के प्रमुख आयातक देशों में बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, मलेशिया और मोरक्को शामिल हैं। हल्दी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 2023 में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का भी गठन किया है।



### वैश्विक निर्यात में बढ़ी भारतीय हल्दी की धमक

बीते कुछ वर्षों के दौरान भारतीय हल्दी की वैश्विक हल्दी निर्यात में हिस्सेदारी बढ़ी है। 2021 में हल्दी का वैश्विक निर्यात 36.77 करोड़ डॉलर रहा और इसमें 22.55 करोड़ डॉलर निर्यात के साथ भारत की हिस्सेदारी 61 फीसदी थी। 2024 में यह हिस्सेदारी बढ़कर 66 फीसदी हो गई है। 2024 में हल्दी का कुल वैश्विक निर्यात 50.27 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया, जिसमें भारत का हल्दी निर्यात 33.32 करोड़ डॉलर था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2020-21 में देश से 1,83,868 टन हल्दी का निर्यात हुआ था। इसके अगले वर्ष 2021-22 में यह गिरकर 1,52,758 टन रह गया। लेकिन इसके बाद बीते दो वित्त वर्ष से हल्दी के निर्यात में इजाफा हो रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1,62,019 टन हल्दी निर्यात हुई और इसके अगले वर्ष 2024-25 में हल्दी का निर्यात बढ़कर 1,76,325 टन हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में 34,162 टन हल्दी का निर्यात हो चुका है, जो पिछली समान अवधि की तुलना में 8.37 फीसदी अधिक है।




### फ्लाइट के साथ जुड़ीं सान्या मल्होत्रा

**जबलपुर।** फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीज़न के लिए नई डिज़ाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है। रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा, "हम सान्या मल्होत्रा का फ्लाइट परिवार में बतौर नई ब्रांड एंबेसडर स्वागत करते हैं।

# धान खरीदी केंद्रों को मिलेगा तमगा, फाइव स्टार तक की रेटिंग
## नई उपार्जन नीति बनी, सेंट्रल पुल में जाएगा 73 लाख टन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 की नई धान उपार्जन नीति बनकर तैयार है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नीति को जल्द होने वाली राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में रखा जाएगा। वहां से मंजूरी के बाद नीति लागू हो जाएगी। खास बात ये है कि इस नीति में केंद्र सरकार के दिशा निर्देश भी शामिल किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से इस सीजन में 73 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की स्वीकृति दे दी है। इस साल भी 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी जो 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति बनकर तैयार है। खास बात ये है कि इस बार यह नीति केंद्र सरकार के दिशा निर्देश के आधार पर बनाई जा रही है। यही नहीं राज्य में इस साल से नए धान उपार्जन केंद्र खोलने की तैयारी है, इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंग भी दी जाएगी। राज्य की नई धान उपार्जन नीति बनाने के सिलसिले में पिछले दिनों भारत सरकार के खाद्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नई नीति संबंधी दिशा निर्देशों के मद्देनजर एक कार्यशाला भी रखी गई थी। लिहाजा अब बनाई जा रही नीति नई तकनीक व्यवस्था पर आधारित होगी।

### उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ेगी

छत्तीसगढ़ में इस समय धान उपार्जन केंद्रों की संख्या 2739 है। लेकिन सरकार का इरादा उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने का है। माना जा रहा है कि दूर दराज के इलाके जहां से किसानों को अपना धान बेचने के अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, उन इलाकों को चिन्हांकित कर नए उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। इससे किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। इसके साथ ही खरीदे गए धान को राइस मिलर, मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक पहुँचाने में आसानी होगी।


## एनिवर्सरी ईयर सरप्राइज में मिलेंगी 1 माह मुफ्त सेवाएं

# रिलायंस जियो ने रखा 10वें वर्ष में कदम, लांच किए सेलिब्रेशन प्लान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस जियो 5 सितंबर को अपनी लॉन्चिंग के 10वें साल में प्रवेश कर जाएगा। 9 वर्ष पूरे होने के मौके पर रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने 50 करोड़ जियो यूजर्स को तोहफा देते हुए, कई नए सेलिब्रेशन प्लान लॉन्च किए। इनमें अनलिमिटेड मनोरंजन वाला वीकेंड प्लान, महीने भर चलने वाला विशेष ऑफर और साल भर चलने वाले सरप्राइज़ शामिल हैं।

जियो सिम इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए तीन सेलिब्रेशन प्लान लाए गए हैं। एनिवर्सरी वीकेंड ऑफर के तहत 5जी यूजर्स को मिलेगा अनलिमिटेड डेटा। जियो अपने सभी 5जी यूजर्स को 5 से 7 सितंबर के बीच यानी आने वाले वीकेंड पर अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध कराएगी चाहे उनका प्लान कोई भी क्यों ना हो। दूसरी तरफ सभी 4जी स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 39 रुपये के डेटा ऐड-ऑन का विकल्प चुन कर 3जीबी प्रतिदिन 4जी डेटा का आनंद ले सकेंगे दूसरा ऑफर है महीने भर चलने वाला सेलिब्रेशन प्लान। यह 349 रुपये से अधिक के प्लान वाले ग्राहकों के लिए है। 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच में 2 जीबी प्रतिदिन और उससे ज़्यादा के लॉन्ग-टर्म प्लान पर जियो




यूजर्स को मिलेगा अनलिमिटेड 5जी डेटा। जियो फ़ाइनेंस द्वारा जियो गोल्ड पर 2 फीसदी अतिरिक्त डिजिटल गोल्ड साथ ही 3,000 रुपए के सेलिब्रेशन वाउचर इसमें शामिल होंगे। जियो हॉटस्टार और जियो सावन प्रो का 1 महीने का सब्सक्रिप्शन भी मिलेगा। प्लान के तहत जोमैटो गोल्ड का 3 महीने का तो नेटमेड्स फ़र्स्ट 6 महीने का सब्सक्रिप्शन भी साथ आएगा। ग्राहक जियो होम का 2 महीने के मुफ़्त ट्रायल का फायदा भी उठा सकेंगे। ये लाभ सभी पोस्टपेड ग्राहकों के लिए भी लागू होंगे। 349 रुपए से कम की वाले यूजर्स 100 रुपए का पैक जोड़ कर यह लाभ उठा सकेंगे। सिम यूजर्स के लिए तीसरा ऑफर है एनिवर्सरी ईयर सेलिब्रेशन जिसमें 349 रुपए के 12 मासिक रिचार्ज समय पर पूरे करने पर 13वें महीने की सेवाएं ग्राहक को मुफ़्त में मिलेंगी। यानी जो भी सेवाएं वे 12 महीने ले रहे थे 13वें महीने वही सुविधाएं मुफ़्त में मिलेंगी।

### माता के दर्शन करने जुटे हजारों श्रद्धालु साल में एक बार खुलता है मंदिर

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के आलोर झाटीबन की पहाड़ियों पर विराजमान साल में एक बार खुलने वाले लिंगेश्वरी माता के मंदिर की गुफा के द्वार बुधवार की सुबह 4 बजे पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना व श्रृंगार के पश्चात खोल दिए गए। जिसके बाद कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने बारी बारी से माता के दर्शन किए। इस वर्ष मंदिर खुलने से दो दिन पहले ही से श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया। सोमवार की शाम तक 500 से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। वहीं मंगलवार की शाम 15000 से अधिक श्रद्धालु पहुंच गए थे। देर रात तक श्रद्धालुओं के आने का शिलशिला जारी था, बुधवार की सुबह मंदिर खुलने से पहले हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके थे, जो कतार में खड़े होकर मंदिर के खुलने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। गुफा में बिल्ली के पदचिह्न मिले इस सम्बंध में मंदिर समिति के पुजारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष गुफा के द्वार खोलने पर रेत पर किसी न किसी वन्य जीव के पदचिह्न नजर आते हैं। प्रत्येक जीव के पदचिन्हों का अपना अलग महत्व होता है।




### देश में बना वॉबल डिस्प्ले सबसे बड़ा टेलीविजन

**जबलपुर।** इंडकल टेक्नोलॉजीज के इनहॉउस तकनीकी ब्रांड वॉबल डिस्प्लेज़ ने भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता टेलीविज़न में नया ही बेंचमार्क सेट करते हुए मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच गूगल टीवी 5.0 को पे-रु39यान करने की नवघोषणा की। यह तकनीकी चमत्कार अन्य ब्रांड्स से कहीं आगे है और (वास्तव में) वॉबल डिस्प्ले की डिस्प्ले तकनीकी के क्षेत्र में रिसर्च और इन्नोवे-रु39यान की ताकत का नजारा दिखा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के कब्जे में रहने वाले इस सेगमेंट में इस तरह किसी भारतीय कंपनी का आना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इंडकल टेक्नोलॉजीज के सीईओ, आनंद दुबे ने कहा भारतीय कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए आज एक ऐतिहासिक पल है। मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच सिर्फ़ अब तक भारत का सबसे बड़ा टीवी ही नहीं है बल्कि यह हमारे विज़न का एक प्रमाण है।

# डाक विभाग ने किया भौगोलिक सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर कंपनी

**विभाग जीआईएस समुदाय तक पहुंच स्थापित कर सकेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डाक विभाग ने भौगोलिक सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते के तहत डाक विभाग अपने डिजिपिन पोर्टल के लिए एसरी इंडिया के हाई रिजोल्यूशन इमेजरी और स्ट्रीट बेसमैप का उपयोग कर सकेगा।

इस गठबंधन से डिजिपिन का एसरी इंडिया के लिविंग एटलस पोर्टल के साथ एकीकरण भी सुगम होगा जिससे यह विभाग अधिक बड़े जीआईएस समुदाय तक पहुंच स्थापित कर सकेगा। इसके अलावा, एसरी इंडिया डिजिपिन के लिए अपनी सेवाओं के निर्बाध एकीकरण के लिए डाक विभाग को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगी। डाक विभाग के सदस्य (परिचालन) हरप्रीत सिंह ने कहाकि एसरी इंडिया के साथ यह गठबंधन डिजिपिन पहल के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्रकुमार ने कहाकि एसरी इंडिया की जीआईएस विशेषज्ञता और उन्नत मैपिंग सॉल्यूशंस डिजिपिन को एक जबरदस्त डिजिटल निवारण प्रणाली बनने और विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता को गति देने एवं भारत के व्यापक डिजिटल परिवर्तन में सहयोग करने में सहयोग करेगा।

## राशिफल

**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि

**धनु** किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

## अमेरिकी क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी है सेल्सफोर्स

# एआई करेगा काम, सेल्सफोर्स ने 4000 लोगों को जॉब से निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से दुनियाभर में नौकरियों पर असर पड़ रहा है। कंपनियां अब कई ऐसे कामों में एआई का सहारा ले रही हैं, जिन्हें पहले इंसान करते थे, जैसे ग्राहक सेवा, डेटा एंट्री, अकाउंटिंग या यहां तक कि वकीलों और इंजीनियरों का काम भी। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते इस्तेमाल का असर अब अमेरिकी क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी सेल्सफोर्स में भी दिखाई दिया है। अमेरिकी क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी ने 4,000 लोगों को जॉब से निकाल दिया है, अब उन कामों को एआई के जरिए पूरा किया जाएगा।

### अब एआई वकीलों और इंजीनियरों का काम भी कर रहे

#### सीईओ ने पहले कही थी ये बात

सेल्सफोर्स के सीईओ मार्क बेनिओफ का यह फैसला सीईओ मार्क बेनिओफ के पहले दिए गए बयानों से बिल्कुल अलग है। जुलाई में उन्होंने कहा था कि एआई का मकसद कर्मचारियों को हटाना नहीं, बल्कि उनके काम में मदद करना है। तब उन्होंने दावा किया था कि 'इंसानों की जरूरत हमेशा रहेगी' और लोगों की जॉब जाने की आशंकाओं को बेबुनियाद बताया था।



#### सपोर्ट डिवीजन पर सबसे ज्यादा असर पड़ा

रिपोर्ट के अनुसार, सेल्सफोर्स के सीईओ मार्क बेनिऑफ ने पॉडकास्ट में बताया कि कंपनी के सपोर्ट डिवीजन पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। पहले इस विभाग में 9,000 कर्मचारी काम करते थे, लेकिन अब संख्या घटकर 5,000 रह गई है। यानी लगभग 45 प्रतिशत नौकरियां खत्म हो गईं। बेनिऑफ ने इसे कर्मचारियों की संख्या का संतुलन बताया, जबकि हकीकत यह है कि इनकी जगह अब एआई एजेंट्स ने ले ली है।

#### एआई की बढ़ती क्षमता तेजी से बदलाव ला रही

उस समय मार्क बेनिओफ ने एआई एक्सपर्ट्स की उस राय को खारिज किया था जिसमें कहा गया था कि ये टेक्नोलॉजी, नौकरियों को बड़ी संख्या में प्रभावित कर सकती है। लेकिन मौजूदा हालात बताते हैं कि एआई की बढ़ती क्षमता के साथ कंपनियां तेजी से बदलाव अपना रही हैं। सेल्सफोर्स के पास पिछले 26 सालों से जमा 10 करोड़ से अधिक पुराने बिक्री लीड्स का बड़ा बैकलॉग है, जिसे अब एआई की मदद से इस्तेमाल करने की योजना बनाई जा रही है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितम्बर/25)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# दलहन में अगले तीन महीनों तक मांग रहेगी मजबूत

**भोपाल** दलहन फसलों के आयात की मांग इस बार कुछ कम देखी जा रही है, क्योंकि पीली मटर का भारी स्टॉक मौजूद है और इसके शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा भी 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है, लेकिन त्यौहारी सीजन की मांग 10 अगस्त के बाद अगले तीन महीनों तक मजबूत रहने की उम्मीद है। दलहनों का वैश्विक बाजार भाव भी कुछ नरम पड़ा है। अगस्त में इसका दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे आ गया है। म्यांमार के सभी दलहनों की मांग में अगले एक-डेढ़ माह के दौरान 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। बाजार जानकारों के अनुसार म्यांमार के मूंग की चीन में तथा उड़द की भारत में जबरदस्त मांग बनी हुई है जिससे स्थानीय किसानों को इसका उत्पादन बढ़ाने का अच्छा प्रोत्साहन एवं अवसर मिल रहा है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5979



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5978 का हल



## सूडोकु नवताल - 5989

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5988 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप




### बर्तवाल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

**लीवरपूल।** पवन बर्तवाल ने गुरुवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों के 55 किग्रा वजन वर्ग के पहले दौर में ब्राजील के माइकल डगलस दा सिल्वा ट्रिनडाडे पर कड़े मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत से भारत के अभियान की शुरुआत की। बर्तवाल ने पेरिस ओलंपियन और 2023 पैन अमेरिकन खेलों के रजत पदक विजेता को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में 3-2 से शुरुआत की। पर ब्राजील के मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में जवाब दिया और बर्तवाल पर ताकतवर मुक्कों की झड़ी लगाकर इसे अपने नाम कर लिया। अब दोनों बराबरी पर थे। पर बर्तवाल ने निर्णायक राउंड में शिकंजा कसा और जीत पक्की कर ली।

### चयन मापदंड का विवरण दे ईएफआई : दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को आगामी एशियाई युवा खेलों के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए अपनाए गए चयन मापदंड का विवरण देते हुए तीन सप्ताह के भीतर एक हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है क्योंकि एक और खिलाड़ी ने टीम में जगह नहीं मिलने को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया है। युवा एशियाई खेल 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन के मनामा में होने हैं। अदालत का यह आदेश शो जंपिंग एथलीट वासवी खेतान की ओर से अपने पिता वेदांत खेतान के माध्यम से दायर एक रिट याचिका पर आया है, जिसमें ईएफआई के चुने आठ संभावित खिलाड़ियों की सूची से उन्हें बाहर किए जाने को चुनौती दी गई थी।

### 10 सितंबर से पहला आईजीपीएल टूर



**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने 10 सितंबर से शुरू होने वाले अपने पहले टूर के कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। आईजीपीएल के सह मालिक और ब्रांड दूत युवराज सिंह ने गोल्फ पर इस टूर के संभावित प्रभाव की तुलना क्रिकेट पर आईपीएल प्रभाव से की। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) और भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) के साथ साझेदारी में आईजीपीएल टूर पर 10 प्रतियोगिता का कैलेंडर होगा, जिसकी शुरुआत 10 से 12 सितंबर तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में होने वाले पहले टूर्नामेंट से होगी। प्रत्येक प्रतियोगिती तीन दिवसीय होगी, जिसमें कोई कट नहीं होगा। इसमें युवा और अनुभवी गोल्फरों के साथ-साथ महिला पेशेवर और एमेच्योर गोल्फर होंगे।

### यूएई टीम का ऐलान, मतिउल्लाह और सिमरनजीत शामिल

**दुबई।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को घोषित 17 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज मतिउल्लाह खान और स्पिनर सिमरनजीत सिंह को शामिल किया। यूएई की टीम इस समय शारजाह में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला खेल रही है और उसने अपनी इस टीम में मतिउल्लाह और सिमरनजीत को शामिल करके सिर्फ यही बदलाव किया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'मंगलवार 9 सितंबर से अबुधाबी में शुरू होने वाले एशिया कप 2025 में शानदार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद वसीम 17 सदस्यीय यूएई टीम का नेतृत्व करेंगे।'

## यूएस ओपन में यूकी का दमदार प्रदर्शन, ट्रॉफी अब दो कदम दूर

# भांबरी ने रचा इतिहास, ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहली बार पहुंचा भारतीय टेनिस स्टार

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान भारत के युकी भांबरी ने कमाल कर दिया। भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर जीत का क्रम जारी रखा और करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले युकी भांबरी सिर्फ प्री-क्वार्टरफाइनल तक ही किसी ग्रैंडस्लैम में सफर तय कर सके थे। अब युकी भांबरी सेमीफाइनल और फाइनल के पड़ाव को पार करके पहली बार कोई ग्रैंडस्लैम अपने नाम करना चाहेंगे।

### क्वार्टरफाइनल में दर्ज की जीत

30 साल के भांबरी की वर्ल्ड रैंकिंग 32 है और वह भारत में टॉप मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। इंडो-न्यूजीलैंड की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के राजीव राम और क्रोएशिया के निकोला की जोड़ी को तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। जिसके चलते साल के आख़िरी यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम में भारत की चुनौती बनी हुई है।




### अब छठी वरीयता जोड़ी से मुकाबला

वहीं युकी भांबरी और माइकल वीनस की जोड़ी के बारे में बात करें तो इन दोनों का मुकाबला अब सेमीफाइनल में ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से होगा। ब्रिटेन के खिलाड़ियों की ये जोड़ी काफी मजबूत है और इनको टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त है। इन दोनों ने एक साथ इसी साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन खिताब नहीं जीत सके थे। अब ये दोनों यूएस ओपन का खिताब जीतने के लिए सब कुछ झोंक देंगे। ऐसे में भांबरी और वीनस को सेमीफाइनल में मजबूत तैयारी के साथ कोर्ट में आना होगा।

### बहुत ही रोमांचक अनुभव : युकी


तैतीस वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा ,' यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने कहा,' अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।' इसके साथ ही पुरुष युगल में भारत का दबदबा लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद भांबरी ने बरकरार रखा है।

## सेमीफाइनल में सिनेर की एंट्री



गत चैंपियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा, जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## अनिसिमोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक को हराया



आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6 -4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विम्बलडन फाइनल में अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। अमेरिका की अनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं।

# लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने छोड़ी बॉल, क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के हर प्रारुप को अलविदा कर दिया, जिससे उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। भारत के लिए आखिरी बार 2017 में खेलने वाले 42 वर्ष के मिश्रा 2024 तक आईपीएल खेले हैं। उन्होंने कहा,' मैंने क्रिकेट से संन्यास का फैसला ले लिया है।'

### क्रिकेट ने दी अनमोल सीख

मिश्रा ने कहा,' क्रिकेट में मेरे जीवन के 25 साल (प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण 2000) यादगार रहे। मैं बीसीसीआई, प्रशासन, हरियाणा क्रिकेट संघ, सहयोगी स्टाफ, अपने साथी खिलाड़ियों और परिवार के सदस्यों का शुक्रगुजार हूं।' उन्होंने एक बयान में कहा,'मैं प्रशंसकों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिनके प्यार और सहयोग ने मेरे सफर को और यादगार बनाया। क्रिकेट ने मुझे असंख्य यादें और अनमोल सीख दी है। मैदान पर बिताए गए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगा।' उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2024 आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ था। वह आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं।

### पहला वनडे 2003 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ

मिश्रा ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बार बार लगने वाली चोटों और युवा पीढ़ी को मौका देने के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2008 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। वहीं भारत के लिए पहला वनडे 2003 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। हरभजन सिंह और अनिल कुंबले की टीम में जगह पक्की होने के कारण उन्हें टेस्ट पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए लेकिन एक ही बार यह कारनामा कर पाए।

महिला हॉकी एशिया कप

# बदले तेवरों के साथ वापसी को तैयार भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी।

> ■ आज भारतीय टीम 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ खेलेंगी

विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।

### भारतीय टीम

बांसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबम (गोलकीपर), मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, नेहा, वैष्णवी फाल्के, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी, सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, रुतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, साक्षी, संगीता कुमारी।

### गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका चोटिल

अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है । सविता टखने की चोट के कारण बाहर है, जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही है। फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा , शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा।



### कैट के आदेश के खिलाफ ऑर्डनेंस फैक्टरी की ओर से दायर किए गए थे 30 मामले, आधारहीन पाकर कोर्ट ने किए खारिज, एचआरए-टीए जोड़कर ओटी भत्ता देने का था कैट का निर्णय

# केंद्र सरकार पर हाईकोर्ट ने लगाई 3 लाख रु की कॉस्ट

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से आयुध निर्माणियों में कार्यरत कर्मियों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने कैट के आदेश के खिलाफ ऑर्डनेंस फैक्टरी की ओर से दायर किए गए 30 मामले आधारहीन पाकर खारिज कर दिए। कोर्ट ने आधारहीन याचिकाएं दायर करने के लिए केंद्र सरकार पर 3 लाख रु कॉस्ट भी लगाई। मामला आयुध निर्माणियों के।कर्मियों को 6 वें वेतनमान की गणना में एचआरए, टीए जोड़कर ओटी भत्ता देने का था।



छठवें वेतनमान में प्रावधान किया गया था कि कर्मचारियों के ओवरटाइम की गणना में हाउस रेंट अलाउंस ट्रैवलिंग एलाउंस एवं स्मॉल फैमिली अलाउंस की गणना भी की जाए। लेकिन, 2006 से छठवें वेतनमान के लागू होने के बाद ओवर टाइम की गणना में इन अलाउंस को शामिल नहीं किया गया था। इसी विसंगति को लेकर मध्य प्रदेश की सभी निर्माणियों के कर्मियों ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट )के समक्ष याचिका दायर की थी। कैट की जबलपुर ब्रांच ने 24 मार्च 2025 को कर्मचारियों के पक्ष में फैसला देते हुए प्रशासन को तीन माह में भुगतान हेतु आदेशित किया था। जबलपुर स्थित ऑर्डनेंस फैक्टरी की फील्ड यूनिट ने उक्त आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में 30याचिकाएं दायर की थी। गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका को सिरे से खारिज कर दिया।कोर्ट ने प्रत्येक याचिका के लिए केंद्र सरकार पर 10000 रु कॉस्ट लगाई।

## एलआईसी के पूर्व अभियंता को रिश्वतखोरी पर चार वर्ष का कारावास

**सीबीआई की विशेष अदालत का फैसला**

सीबीआई की विशेष अदालत ने भारतीय जीवन बीमा निगम, जबलपुर के पूर्व सहायक अभियंता योगेश अरोड़ा को रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी पाया। इसी के साथ चार वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया । यह मामला 26 अगस्त, 2011 का है, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अरोड़ा के विरुद्ध एक ठेकेदार से 20,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने एलआईसी कार्यालयों में किए गए विद्युत रखरखाव कार्य के लिए 93 हजार रुपये के बिलों की तैयारी और भुगतान में आधिकारिक पक्षपात दिखाने के बदले में यह अवैध रिश्वत मांगी थी। उन्होंने कथित तौर पर शिकायतकर्ता द्वारा किए गए छोटे कार्यों के लिए 35,000-40,000 रुपये के अन्य लंबित बिलों के प्रसंस्करण और मंजूरी से भी रिश्वत का संबंध जोड़ा था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, सीबीआई ने जाल बिछाया और अरोड़ा को ठेकेदार से 10 हजार रुपये की मांग और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद, जांचकर्ताओं ने सबूत इकट्ठा किए और जाँच पूरी की, जिसके बाद 31 जनवरी, 2015 को आरोप पत्र दायर किया गया। लंबी सुनवाई के बाद जबलपुर स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश ने अरोड़ा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाया। तीन सितंबर, 2025 को अदालत ने फैसला सुनाते हुए उन्हें चार साल के कठोर कारावास और आर्थिक दंड की सजा सुनाई। इस दोषसिद्धि को सरकारी संस्थाओं में भ्रष्टाचार से निपटने के सीबीआई के निरंतर प्रयासों में एक और कदम के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि निजी लाभ के लिए सार्वजनिक पद का दुरुपयोग करने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

# क्षमता से अधिक भरा बांध, 15 गेट खुले

### नर्मदा में 10 से 12 फुट बढ़ा जलस्तर

जबलपुर।

रानी अवंतीबाई सागर परियोजना के तहत बनाए गए बरगी बांध के जलभराव क्षेत्र में हो रही बारिश की वजह से बरगी बांध क्षमता से अधिक भर गया है, लिहाजा बांध के 15 गेट गुरुवार की सुबह खोले गए और उनसे पानी की निकासी नर्मदा में की गई। जिससे नर्मदा के जलस्तर में 10 से 12 फुट वृद्धि हुई है। हालात को काबू में रखने के लिए बरगी बांध प्रबंधन के मुताबिक गुरुवार सुबह बरगी डेम का जलस्तर 423.5 मीटर दर्ज किया गया, जबकि इसकी अधिकतम क्षमता 422.76 मीटर है। सुबह लगभग 1775 क्यूमेक पानी डेम में आ रहा था। इस दबाव को देखते हुए 15 गेटों को 1.40 मीटर तक खोला गया और करीब 3436 क्यूमेक पानी नर्मदा में छोड़ा गया।

डेम से छोड़े गए पानी का असर सीधे नर्मदा नदी पर दिखा। नदी का जलस्तर 10 से 12 फीट तक ऊपर पहुंच गया। तटीय इलाकों और घाटों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन ने मुनादी कर लोगों को किनारे से दूर रहने की सख्त हिदायत दी है।

#### उमाघाट तक पहुंचा पानी

नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से दोपहर तक गौरीघाट के उमाघाट क्षेत्र में पानी दुकानों और पंडालों तक पहुंच गया। हालांकि पहले से सतर्क दुकानदारों और पंडाल संचालकों ने अपने सामान और तख्तों को ऊंचाई पर रख लिया था।



#### गणेश विसर्जन पर भी नजर

प्रशासन पहले से ही गणेश विसर्जन को लेकर अलर्ट था। अब नर्मदा में छोड़े गए पानी के बाद अतिरिक्त निगरानी बढ़ा दी गई है। घाटों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

#### पहले खुले थे 9 गेट

डेम से पहले केवल 9 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा था, लेकिन लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गुरुवार सुबह यह संख्या बढ़ाकर 15 करनी पड़ी। मौसम विभाग ने अगले दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, ऐसे में डेम प्रबंधन और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

## पत्रकार पर हमला करने वाले 2 आरोपी पकड़ाए

जबलपुर।

गढ़ा थाना क्षेत्र के पिसनहारी की मढिय़ा पेट्रोल पंप के पास गत दिवस चार कार सवार बदमाशों ने एक पत्रकार पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अस्पताल माफिया समेत तीन आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है।विदित हो कि सुनील सेन पर सिंघई पेट्रोलपंप के पास कार सवार चार अज्ञात आरोपियों ने हमला किया था। पुलिस के मुताबिक सीसीटीव्ही के जरिए आरोपियों की शिनाख्त हुई जिसके बाद मोनू पिता राजू खटीक 20 वर्षीय धनवंतरी नगर मेडिकल स्टोर में पदस्थ है एवं जबकि राज उपाध्याय 22 वर्षीय निवासी गढ़ा अस्पताल का सुपरवाइजर है। दोनों को गरफ्तार किया गया है जबकि अस्पताल संचालक अमित खरे, तरूण, यशंवत फरार है जिनकी तलाश जारी है।

## जबलपुर-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा और जबलपुर एक्सप्रेस की सेवा रहेगी बहाल

जबलपुर।

रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कठुआ—माधोपुर पंजाब रेलखंड में डाउन लाइन पर यातायात निलंबित के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली ट्रेन जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब निरस्त ट्रेन जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस की सेवा बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी।



गाड़ी सांख्य 11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से दिनाँक 02, 09, 16, 23 एवं 30 सितम्बर 2025 को पाँच ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब यह ट्रेन दिनाँक 09 सितम्बर 2025 से आगे की निरस्त दिनांकों तक अपने निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलती रहेगी।

इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिनाँक 03, 10, 17, 24 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर 2025 को पाँच ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब यह ट्रेन दिनाँक 10 सितम्बर 2025 से आगे की निरस्त दिनांकों तक अपने निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलती रहेगी।

## खेत में किसान की बेरहमी से हत्या

**बरेला के परतला में वारदात से सनसनी**

जबलपुर।

बरेला थाना अतंर्गत परतला गांव में एक व्यक्ति की खेत में हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह खेत में खून से लथपथ लाश मिली। मृतक के सिर और शरीर पर गहरे घावों के निशान देखकर साफ हो गया कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 50 वर्षीय रविशंकर पटेल के रूप में हुई है। वह खेती किसानी करता था और अक्सर खेत पर ही रहता था। बुधवार रात भी वह खेत पर सोया हुआ था, लेकिन सुबह जब परिजन पहुंचे तो उन्होंने उसे मृत पाया। शरीर पर गहरी चोटें और धारदार हथियार से वार के निशान थे।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव पर मिले घाव साफ संकेत दे रहे हैं कि धारदार हथियार से हमला किया गया। पुलिस मृतक के परिजन और परिचितों से पूछताछ कर रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

#### गांव में डर और चर्चाएं

हत्या की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। गांव में दहशत का माहौल है और लोग दबी जुबान में तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रविशंकर सीधे-सादे स्वभाव का था, उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। इसके बावजूद हत्या होना रहस्यमयी लग रहा है। गांव में चर्चा है कि इस वारदात के पीछे जमीन विवाद, पुरानी रंजिश या पैसों का लेन-देन कारण हो सकता है।

## लार्डगंज क्षेत्र में चाकूबाजी में 2 युवक घायल

### बदमाशों ने रंगदारी वसूलने खुलेआम चलाए चाकू

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगाचौक भड़पुरा दुर्गा मंदिर के पीछे निवासी 48 वर्षीय राजेश बेन गत लगभग 10.30 बजे गणेश मंदिर के पास बल्देवबाग में खड़ा था तभी अमन केशरवानी, संकेत राठौर आकर उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया, तो दोनों गाली गलोज करने लगे। अमन केशरवानी ने उसे पकड़ लिया और संकेत राठौर ने चाकू से उसके चेहरे पर हमला कर चोट पहुंचा दी। अमन ने जातिगत रुप से अपमानित करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह लार्डगंज में जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक निवासी 34 वर्षीय प्रांजल वर्मा ने बताया कि गत रात लगभग 11 बजे भड़पुरा से पनीर लेकर वापस आ रहा था जैसे ही गोपी टेंट हाउस के पास पहुँचा, तभी सागर बेन, शनि बेन उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करते हुए, सागर ने चाकू से हमलाकर कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## छत से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत धनी स्वीट्स के पीछे रद्दी चौकी में छत से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार धनी स्वीटस के पीछे रद्दी चौकी निवासी 26 वर्षीय रोहित कोरी को छत से गिरने के कारण परिजनों द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान गुरुवार की सुबह लगभग 8 बजे रोहित कोरी की मौत हो गई। बताया गया है कि राहुल की मानसिक स्थिति ठीक न होने एवं बीमारी के कारण वह परेशान था, जिसके कारण वह छत से गिर गया।

## अज्ञात जहरीले कीड़े के काटने से मासूम बच्चे की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम लम्हेटा भेड़ाघाट में अज्ञात जहरीले कीड़े के काटने से एक 6 साल के मासूम बालक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लम्हेटा भेड़ाघाट निवासी 6 वर्षीय मासूम आनंद चड़ार के दाहिने हाथ में अज्ञात जहरीले कीड़े के काटने पर दादा डब्बल प्रसाद चडार द्वारा मेडकील कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 9 बजे मासूम आनंद चड़ार की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## जुए के फड पर छापा, 4 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने सूजीपुरा दुर्गा मंदिर के पास चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 4 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार 200 रुपए जब्त किए है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत द्विवस मुखबिर की सूचना पर सूजीपुरा दुर्गा मंदिर के पास जुआ मन्ना खेल रहे अनुज कुमार गुप्ता, ब्रजेश माली, पंकज साहू और अनूप मिश्रा को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 4 हजार 200 रूपये एवं ताश के ५२ पत्ते जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## दोस्तों ने ही 2 लाख रुपए की डिमांड कर लूट ली कार और मोबाइल

### सेंटिग वाले को मारकर 5 हजार और आटो चालक को चाकू घोपकर 4 हजार लूटे

जबलपुर।

शहर में लूटपाट की घटनाएं फिर बढ़ने लगी हैं। बुधवार की रात में घूमने के लिए निकले तीन लोग लुटेरों का शिकार बने। गोहलपुर में 2 लाख रुपए की डिमांड पूरी नहीं करने पर मोबाइल और कार छीन ली। इसी तरह खमरिया में एक युवक पर ब्लेड से हमला कर 5 हजार रुपए लूट लिए गए। एक अन्य घटना में पनागर में अज्ञात बदमाशों ने निस्तार करने गए एक युवक पर चाकू से हमलाकर उसका मोबाइल और 4 हजार रुपए लूट लिए। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टार सिटी गौर तिराहा समाधी रोड बरेला निवासी अक्षय क्षत्रिय के मोबाइल पर लकी पटेल ने पूछा कहा हो, उसने बताया कि गौर में है। कुछ देर बाद लक्की पटेल ,जुबेर खान (बादशाह), भानू जशले एवं अन्य के साथ दो टू व्हीलर में सवार होकर आए और अक्षय से 2 लाख रूपये मांगने लगे, अक्षय ने पैसे देने से मना किया तो लकी ने कहा कि अपनी गाड़ी से घर तक छोड़ दो, आयुष और उसका दोस्त गाड़ी क्रमांक एमपी सीएफ 1380 सियाज कार से लकी को रद्दी चौकी पंचशील स्कूल के पास छोड़ने गए तो लकी का एक अन्य साथी वहां पर पहले से ही मौजूद था, 2 लाख रुपए देने से मना करने पर आयुष और ऋषभ धार्मिक का



मोबाइल छीन लिया तथा सियाज कार भी छीन ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(2), 115(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### ब्लेड मारकर 5 हजार रुपए लूटे

इसी तरह खमरिया में मटामर निवासी 30 वर्षीय राहुल रजक गत सुबह लगभग 11 बजे अपनी मोटर सायकिल में सेंटिंग की पटिया लेने मटामर से रांझी जा रहा था तभी रास्ते में चुलभा के पास तीन अज्ञात लड़के ने उसे रोका और मारपीट कर ब्लेड से हमला कर उसकी शर्ट की जेब में रखे 5 हजार रुपए छीन कर भाग गए। राहुल अपनी जान बचाते हुए अपनी बाईक लेकर जंगल झाड़ियों की तरफ भाग गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### चाकू मारकर मोबाइल व नगदी लूटे

इसी प्रकार पनागर में ग्राम ढकरवाह मझगवां निवासी 46 वर्षीय आटो चालक बृजेश रजक गत रात लगभग 10.30 बजे अपनी आटो क्रमांक एमपी 20 जेडएन 1553 से जबलपुर से वापस अपने गांव जा रहा था कि रास्ते में रजवाड़ा ढाबा से 200 मीटर आगे रोड किनारे निस्तार करने के लिये आटो खड़ा किया तभी काले रंग की एक्सिस में दो अज्ञात लड़के आए और उसकी तलाशी लेने लगे उसने विरोध किया तो एक लड़के ने चाकू से उसाके पेट पर हमलाकर घायल कर दिया तथा दोनों ने उसके कपड़ों की जेब से उसका पोको कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 15 हजार रूपये एवं नगदी 4 हजार रूपये लूट कर भाग गये। अज्ञात लड़कों की उम्र 25 से 30 वर्ष की होगी। एक लड़के की वायीं आंख की भौंह के ऊपर कटे का निशान है तथा दूसरा लड़का नेपाली जैसा दिख रहा था। घायल को उपचार हेतु सीएचसी पनागर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## गणेश उत्सव व ईद मिलादुन्नबी को लेकर पुलिस अलर्ट

# शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि, जबलपुर।

आगामी गणेश उत्सव व ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस ने शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर, एएसपी सिटी/अपराध जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च में थाना ओमती, बेलबाग, हनुमानताल और गोहलपुर के बल के साथ-साथ आरएएफ एवं पुलिस लाइन का बल शामिल रहा।

### ओमती से शुरूआत, बहोराबाग में समापन

फ्लैग मार्च का मार्ग कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर ओमती चौक, भरतीपुर, छोटी ओमती, गुरंदी, लकड़गंज, फूटा ताल, सराफा चौक, मिलौनीगंज, मछली मार्केट, चारखंबा होते हुए बहोराबाग तक रहा।

### यह रहे उपस्थित

फ्लैग मार्च में सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव, डीएसपी अजाक सुनील नेमा, टीआई गोहलपुर रीतेश कुमार पाण्डेय, टीआई हनुमानताल धीरज राज, टीआई घमापुर प्रतीक्षा मार्को, टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल एवं थाना प्रभारी बेलबाग राजकुमार खटीक अपने-अपने बल के साथ मौजूद रहे।



### कप्तान ने दी शुभकामनाएं

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नागरिकों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जबलपुर पुलिस की कल्याणकारी पहल, आईजी ने किया निरीक्षण

# पुलिस परिवार व गरीब बच्चों की चल रही योजनाओं को मिली सराहना

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस परिवार और समाज के वंचित वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में जबलपुर पुलिस की कल्याणकारी योजनाएं लगातार उदाहरण पेश कर रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को आईजी जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में पुलिस लाइन जबलपुर का दौरा कर कई योजनाओं का निरीक्षण किया और नई कल्याणकारी गतिविधियां शुरू करने के निर्देश दिए।

### एसपी की पाठशाला-

यहां पुलिस परिवार और गरीब तबके के बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। अब तक कई छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न परीक्षाओं में हो चुका है।



### दिशा लर्निंग सेंटर

यह केंद्र पुलिस परिवार के बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त लर्निंग हब है, जहां लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, इंटरनेट सुविधा, हिंदी/अंग्रेजी टाइपिंग तथा एमएस ऑफिस जैसे बेसिक कोर्स उपलब्ध हैं। यहां बच्चों को पुलिस अधिकारी समय-समय पर मार्गदर्शन भी देते हैं।

### धृत महिलाओं के लिए

पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री की जाती है। इससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

### सेंट्रल पुलिस कैंटीन

आर्मी कैंटीन की तर्ज पर पुलिस परिवार को किफायती दरों पर घरेलू सामान उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल पुलिस कैंटीन शुरू की गई है, जिसका लाभ जिला पुलिस, जीआरपी, एसएएफ और होमगार्ड तक को मिल रहा है।

### नई पहल की तैयारी

आईजी वर्मा ने निर्देश दिए कि भविष्य में पुलिस परिवार की महिलाओं को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाया जाए। वहीं महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिए पालनाघर (क्रेच) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम करने को कहा।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

**हरिभूमि जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, स्वामी विवेकानंद कैरियर काउंसलिंग के संभागीय अधिकारी डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. रामेश्वर झरिया, डॉ. राहुल झरिया, प्रो. मानवेंद्र यादव, मुक्त इकाई अधिकारी देवांशु गौतम, डॉ. ज्योति झुंगारे तथा कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.) डॉ. शिवचंद वाल्के सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।महाविद्यालय के प्राचार्य आपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को गुरु शिष्य संबंध के महत्व को बताया तथा सभी छात्र छात्राओं को आशीष वचन प्रदान किए ऐसी कड़ी में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन के नोडल अधिकारी डॉ अरुण शुक्ला आपने उद्बोधन में कहा उओर तब तक मत रुकना जब तक लक्ष्य कि प्राप्ति ना हो जाएं इसी संदेश के साथ सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना कीकार्यक्रम का संचालन त्रिभुवन सिंह ने किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक में निक्की विश्वकर्मा, करन ठाकुर, संदीप चौधरी, अमन काछी, सजीत गोप, साक्षी मरावी, आन्या पटेल, साक्षी शर्मा सहित लगभग 95 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# आम जन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाये



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदन महल के पास नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आम जनों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री स्वयं लोगों के पास जाकर उनकी समस्याओं को सुना और आवेदन लिए, ज्यादातर आवेदन स्कूल फीस, इलाज के लिए आर्थिक सहायता, पानी निकासी, सड़क व राजस्व संबंधी थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आम जन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाये।

## ऑपरेशन सिंदूर का मंचन और झांकी प्रदर्शन 4 व 5 सितंबर को

**जबलपुर।** खेरमाई अखाड़ा समिति कटरा अधारताल के तत्वावधान में आगामी 4 एवं 5 सितंबर 2025 को "ऑपरेशन सिंदूर" का मंचन एवं झांकी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अधारताल स्थित यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के सहयोग से प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक प्रस्तुत किया जाएगा।समिति अध्यक्ष श्री जग्गू केशरवानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मंचन में स्कूली विद्यार्थी भारतीय वीर जवानों के पराक्रम और बलिदान को नाट्यरूपांतरण एवं झांकी के माध्यम से सजीव करेंगे।विद्यालय संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर का मंचन विद्यार्थियों एवं नगरवासियों के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करेगा।

## राहत की बूंदों से सुहाना रहा गुरुवार

# बादलों और नम हवाओं से ठंडक घुली

जबलपुर।

41 इंच बारिश के बाद भी उमस से बेहाल शहर के लिये गुरुवार की सुबह और शाम सुहानी रही. सुबह रिमझिम बारिश के बाद दोपहर में झमाझम बारिश हुई और शाम को फिर हलकी बारिश शुरु हो गई. इस दौरान करीब 10 मिमि वर्षा होने से मौसम खुशनुमा हो गया. आसमान पर छाए बादलों और नमी भरीं हवाओं के बीच मौसम में ठण्डक घुल गई है।

गुरुवार को दिन भर रूक रूककर बूंदाबांदी होती रही। मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में बने चक्रवात का असर मध्यप्रदेश में देखा जा रहा है। नम हवाओं और बूंदाबांदी की वजह से तापमान में गिरावट आ गई है। अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर तेज वर्षा भी हो सकती है।

### तापमान गिरा

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने ईएमएस को बताया कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बना हुआ है। जिससे संभाग के जिलों में बारिश का दौर जारी है। जबलपुर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 88 प्रतिशत और सायंकाल 88 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.54 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.44 मिनिट पर हुआ। पिछले २४ घंटों के दौरान 10 मिमी वर्षा दर्ज की गई। १ जून से अब तक कुल वर्षा 1057.2 मिमी (लगभग 41.6 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी, और कुल वर्षा 1112.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिण पूर्वी हवा 4 से 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।



## वर्ष 2047 को लक्ष्य रखकर शहर विकास का प्लान तैयार करें: कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जबलपुर के विकास की योजनाओं पर पुनर्विलोकन बैठक आयोजित की। जिसमें निवेश क्षेत्र एवं विस्तार, शहरी विकास एवं भूमि प्रयोग, जनसंख्या एवं भूमि की आवश्यकता, नगर की महत्वपूर्ण परियोजनाएं, विकास योजनाओं का आंकलन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। जबलपुर विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं पर पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि जबलपुर के विकास के लिए 2047 को लक्ष्य रखकर विकास का प्लान तैयार करें। 2047 में जबलपुर की अनुमानित जनसंख्या 30 लाख के आस-पास होगी, अतः उस हिसाब से माइक्रो प्लान तैयार कर कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि दो हजार की जनसंख्या वाले रेसिडेंसियल व अन्य सभी क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर के लिए समुचित स्थान सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि शहर की आवश्यकताओं व बढ़ती जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था सुनिश्चित रखने के लिए पार्किंग व्यवस्था का भी प्लान करें।

## खनन माफिया अमित खंपरिया को पकड़ने में पुलिस की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने जताया असंतोष

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने खनन माफिया अमित खंपरिया को पकड़ने में पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे की है। असल में आरोपी की तलाश में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जस्टिस विशाल मिश्रा ने आरोपी को पकड़ने संबंधी पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत हलफनामे पर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि आरोपी 2023 से लापता है। एसपी ने आधी-अधूरी रिपोर्ट और दस्तावेज पेश किए हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक को दोबारा हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।दरअसल, जबलपुर निवासी सचिन गुप्ता की ओर से याचिका दायर कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई है। मामले पर सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से रिपोर्ट पेश कर बताया गया कि आरोपी को मिली जमानत निरस्त होने के बाद पहले 10 हजार रुपए और बाद में 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।



कोर्ट ने पाया कि तलाशी पंचनामा की कॉपी पेश नहीं की गई है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस द्वारा तलाशी का सामान्य प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2025 में तलाशी के प्रयास का जिक्र भी रिपोर्ट में नहीं है।

गौरतलब है कि खंपरिया पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। खंपरिया ने लोक निर्माण विभाग से जुड़े ठेकों में फर्जी एफडीआर का इस्तेमाल किया था। यह ठेका सोन मसीरा घाट जयसिंह नगर मानपुर पुल पर टैक्स वसूली से जुड़ा है। इस ठेके को लेने के लिए फर्जी एफडीआर दी गई थी। पहले खंपरिया को कोर्ट से जमानत मिली थी, लेकिन बाद में जमानत खारिज हो गई थी। इसके बावजूद पुलिस द्वारा उसे अभी तक नहीं पकड़ा गया है।

## आईजी ने जबलपुर को मिली 37 नई एफआरव्ही गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया लोकार्पित

# अब डायल-112 पर मिलेगी त्वरित सहायता

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस की आपातकालीन सेवा डॉयल-112 योजना के तहत गुरुवार शाम पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से जबलपुर जिले को मिली 37 नई एफ.आर.व्ही. (फर्स्ट रिस्पॉंस व्हीकल) गाड़ियों का शुभारंभ किया गया। आईजी जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

### 30 शहर तो 17 ग्रामीण में रहेंगी सक्रिय

जबलपुर पुलिस को कुल 47 गाड़ियां मिली है। इनमें 30 स्कार्पियो गाड़ियां शहर क्षेत्र हेतु और 17 बोलेरो वाहन ग्रामीण इलाकों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। वाहनों में जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, बॉडी वार्म कैमरा और स्ट्रेचर जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं।



किसी भी आपात स्थिति में ये वाहन तेजी से मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करेंगे।

### अब डायल-112 ही इमरजेंसी नंबर

आईजी प्रमोद वर्मा ने बताया कि अब डॉयल-100 की जगह डायल-112 एकीकृत आपातकालीन नंबर होगा। इस पर कॉल कर नागरिक पुलिस, एम्बुलेंस और अन्य सेवाओं की मदद एक ही नंबर से ले सकेंगे। यह कॉल मोबाइल और लैंडलाइन से निशुल्क की जा सकेगी।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर एएसपी सिटी/अपराध जितेंद्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### डायल-112 योजना की प्रमुख बातें

प्रदेशभर में 1200 सुसज्जित एफ.आर.व्ही. वाहन 24 घंटे तैनात रहेंगे।प्रत्येक वाहन में ड्राइवर व दो पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।सभी गाड़ियों में जीपीएस, वॉयरलेस, पीए सिस्टम, फायर एक्सटिंग्विशर और फर्स्ट-एड बॉक्स की सुविधा होगी।भोपाल स्थित कॉल सेंटर से सेवाओं का संचालन होगा, जहां कॉल टेकर, डिस्पैचर, सुपरवाइजर और तकनीकी टीमें चौबीसों घंटे काम करेंगी।

बिजनेस साइट

## बाजार की धारणाएं: कहानियां निवेश के रुझान को कैसे प्रभावित करती हैं

**जबलपुर।** शेयर बाजार के भव्य थिएटर में, अक्सर सिर्फ कमाई ही नहीं, बल्कि हम खुद को सुनाने वाली कहानियां भी निर्णायक भूमिका निभाती हैं, आशा, इनोवेशन और अनुमानित भविष्य से बुनी गई कहानियां। जब कोई सेक्टर किसी प्रचलित आर्थिक कहानी में खुद को नायक के रूप में पाता है, तो वह व्यापक सूचकांकों से आगे निकल जाता है और खुदरा निवेशकों के एक उत्सुक समूह को आकर्षित करता है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिलने वाले इस अवसर का लाभ उठाने के लिए उत्सुक होते हैं।



आदित्य यादव
संस्थापक, एसेट बाजार, जबलपुर

उदाहरण के लिए, रक्षा शेयरों के आसपास हाल ही में हुए उत्साह पर विचार करें। कई स्मॉल-कैप नामों ने जबरदस्त उछाल का अनुभव किया, जो मजबूत बैलेंस-शीट का नतीजा कम और सामूहिक विश्वास का प्रतिबिंब ज्यादा है। उनसे पहले, सेमीकंडक्टर से जुड़ी कंपनियों ने भी बाजार की कल्पना को इसी तरह जकड़ रखा था।

फिर भी, अपने तमाम आकर्षण के बावजूद, ऐसे थीम शायद ही कभी शाश्वत होते हैं। समय, हमेशा की तरह, वह आधार है जिस पर थीमैटिक निवेश संतुलित होता है। जल्दी एंट्री करना, बाजार के टॉप पर पर सवार होना है, देर से पहुंचना अक्सर उसके बहाव में घसीटे जाने जैसा होता है। एक बार चकाचौंध फीकी पड़ जाए, तो कैपिटल मार्केट के भूले-बिसरे कोनों में पड़ी रह सकती है, बीते हुए कल के उत्साह के मूक गवाह बने हुए।

फिर भी, थीमैटिक निवेश को सिरे से खारिज करना इसकी क्षमता को नजरअंदाज करना होगा। जब सावधानी और दूरदर्शिता के साथ इस्तेमाल किया जाए, तो यह अल्फा का एक शक्तिशाली स्रोत हो सकता है। लेकिन ऐसी कुशलता अंतर्ज्ञान से कहीं अधिक की मांग करती है। इसके लिए व्यापक आर्थिक लय पर पकड़, मूल्यांकन की इनसाइट्स और भावनाओं के विरुद्ध कार्य करने का अनुशासन आवश्यक है। एक थीम संबंधित सेक्टर्स और शेयरों का एक समूह है जो एक समान विचार या ट्रेंड्स से जुड़े होते हैं।

सेक्टोरल चैंपियन अस्थिर होते हैं। पिछले एक दशक में, बैंकों ने पांच बार, फार्मास्यूटिकल्स ने तीन बार और ऑटो ने सिर्फ एक बार नेतृत्व किया है। आगे क्या होने वाला है, इसका अंदाजा लगाना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

यहीं पर थीमैटिक म्यूचुअल फंड अपनी शांत सुंदरता प्रदान करते हैं। अनुभवी हाथों के मार्गदर्शन में, वे एक टॉप-डाउन दर्शन का पालन करते हैं, मैक्रो रुझानों को समझना, आशाजनक थीम्स का चयन करना और पोर्टफोलियो को प्रभावशाली रूप से रीबैलेंस करना। फंड ऑफ फंड स्ट्रक्चर्स (दो वर्षों के बाद लॉन्ग-टर्म लाभ पर केवल 12.5 प्रतिशत कर) के लिए अतिरिक्त कर दक्षता के साथ, ये न केवल पहुंच प्रदान करते हैं, बल्कि आश्वासन भी देते हैं। कहानियों से संचालित बाजार में, ये समझदारी से आगे बढ़ने के लिए एक ढांचा प्रदान करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं। 30 जुलाई, 2025 तक, इस फंड ऑफ फंड्स ने एक वर्ष में 8.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। तीन वर्षों में 20.68 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) और पांच वर्षों में 26.08 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर के साथ फंड ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है।

आज होगा भण्डारा-हवन व पूजन, कल विसर्जन

# गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर उतरा जनसैलाब

जबलपुर। इस वर्ष 11 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व पर धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आज 5 सितम्बर को पर्व समापन की पूर्व संध्या होगी। जिसमें हवन-पूजन के साथ-साथ भंडारों का आयोजन होगा। पर्व समापन की पूर्व संध्या पर सड़कों पर भीड़भाड़ भी काफी होगी। गुरुवार की रात गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर श्रद्धालु उमड़े। रिद्धि सिद्धि के दाता, बुद्धि विनायक, विघ्नहर्ता, सुखकर्ता, शिव पार्वती के नन्दन प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव का महापर्व गणेशोत्सव इन दिनों शहर में पूरी श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। 11 दिवसीय इस महापर्व का आज 10वां दिन है। गणेश उत्सव समितियों ने आकर्षक साज सज्जा के साथ प्रतिमाएं स्थापित की हैं। जो जन आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। 6 सितम्बर अनंत चतुर्दशी को इस 11 दिवसीय पर्व का समापन होगा। आज अंतिम दिन होने से सड़कों पर भीड़भाड़ कुछ ज्यादा होगी।



## श्री गणेशजी हैं विश्व की आधार शक्ति : स्वामी प्रमोद महाराज

### चांदी के गणेश पूजा से होती है वैभव की वृद्धि

जबलपुर। श्री गणेश जन्मोत्सव के नवम दिवस गुरुवार को ललपुर रोड, गौरीघाट स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर में श्री गणेश जी के 1000 नामों का एक हजार अनारों द्वारा प्रकाश रानू कुशवाहा द्वारा सहस्त्रार्चन किया गया। श्री गणेश का केसर जल से अभिषेक पूजन अर्चन किया गया। श्री गणेश पूजा के पहले अपने उद्बोधन में संस्थापक महंत स्वामी प्रमोद महाराज ने बताया कि विश्व की आधार शक्ति गणपति हैं, यह आधार शक्ति वास्तु भेद से असंख्य एवं विविध है उससे अभिन्न होने के कारन भी गणपति असंख्य एवं विविध हैं उनके नाम, रूप, वर्ण, रंग, वस्त्र, आयुध, वाहन एवं कार्य भी असंख्य एवं विविध हैं उन सबका सम्पूर्ण रूप से वर्णन असंख्य है। जिसमें मुख्य रूप से प्रकाश रानू कुशवाहा, उमंग अग्रवाल, राजेश यादव, सुधीर पटेल, नरेंद्र पटेल, सुमित कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नया गांव के राजा के गूंजे जयकारे

### श्री गणेश के अर्पित किए 56 भोग, हुई महाआरती

जबलपुर। नयागांव सोसायटी, रामपुर में स्थापित नयागांव के राजा श्री गणेश जी की बुधवार को महाआरती की गई। इसके पूर्व विघ्नहर्ता श्री गणेश जी को 56 भोग अर्पित किए गए। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु मंगलमूर्ति के जयकारे लगाते रहे। बता दें कि यहां श्री गणेश बाल स्वरूप में विराजमान हैं। उनके साथ श्रीरामलला एवं श्री नाथ जी के विग्रह भी स्थापित किए गए हैं। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन महाआरती, षोडोपचार पूजन-अर्चन एवं गणेश अथर्व शीष का पाठ किया जाता है। सोसाइटी के विजय राठौर, अमित राठौर, मोहित राठौर, विराज राठौर, श्रेयार्थ राठौर के साथ अन्य सदस्यों ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु नयागांव के राजा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बुधवार को हुई दिव्य महाआरती में हजारों की संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# रोटरी क्लब व आईएमए ने नेत्र दानदाता परिवार को किया सम्मानित



जबलपुर। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत दादा वीरेंद्रपुरी जी रोटरी आई बैंक, सक्षम मध्यप्रदेश, रोटरी क्लब जबलपुर साउथ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र दानदाता परिवार सम्मान समारोह का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिल्डिंग, राइट टाउन, जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर दीपक सक्सेना थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटे. सुनील फाटक (रोटरी इंटरनेशनल आई बैंक कोऑर्डिनेटर, पूर्व प्रांतपाल रोटरी क्लब) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पवन स्थापक ने की।

कार्यक्रम में नेत्र दानदाताओं के 37 परिवार के सदस्यों एवं सचेतकों का सम्मान पुष्प-गुच्छ, श्रीफल एवं स्तुति-पत्र देकर किया गया। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि विश्व के कॉर्नियल अंधत्व का एक-तिहाई अंधत्व भारत में है और उसका प्रमुख कारण जनसामान्य में नेत्रदान के प्रति जागरूकता का अभाव होना है। नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने 1985 में राष्ट्रीय नेत्र पखवाड़ा की शुरुआत की जो की प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक पूरे देश में मनाया जाता है जिसका लक्ष्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना और इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करना है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि कॉर्नियल अंधत्व को दूर करने के लिए सक्षम, दादा वीरेंद्रपुरी जी रोटरी आई बैंक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की यह पहल सराहनीय है सरकार का ध्यान भी अंधत्व निवारण पर केंद्रित है इसलिए भारत सरकार ने समय-समय पर राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ़ ब्लाइंडनेस) एवं विजन 2020 जैसे महत्त्वपूर्ण अभियान चलाये हैं।

कार्यक्रम में डॉ. आयुष टंडन, पीयूष जैन, डॉ. ऋचा शर्मा, सारंग भिड़े, श्रीमती अनुपमा स्थापक, डॉ. अर्पिता स्थापक, डॉ. अपूर्वा स्थापक, एड. अपर्णा स्थापक, डॉ. सोनिया टंडन, अखिलेश जैन, मनीष पांडे, सुशील मुदलियार, देवेन्द्र सोनी, अंशुल विश्वकर्मा, अखिलेश खंडेलवाल, डॉ. अंकित सेठ, आशीष परेतकर आदि उपस्थित थे।



## 47वीं अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

जबलपुर। 47वीं अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर द्वारा 3 एवं 4 सितम्बर को तरंणताल रामपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश विद्युत विभाग के 7 क्षेत्र, केन्द्रीय कार्यालय, जबलपुर क्षेत्र, चचई, खंडवा, बिरसिंहपुर, अमरकंटक, इंदौर एवं ग्वालियर से आए खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 4 सितम्बर को मुख्य अतिथि संपदा सराफ गुर्जर, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.स.एवं.प्रशा.), म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कंपनी, जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.के. भागवतकर, जी.डी. वाश्निक, विक्रम भास्कर, जबलपुर उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर ने कहा कि – "प्रतियोगिता का महत्व केवल जीत-हार में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना में है।

## एसजीएफआई शूटिंग प्रतियोगिता में चैतन्य वीर ने गोल्ड व सिल्वर किया अपने नाम

जबलपुर। शहर के शूटर चैतन्य वीर दुबे ने शासन द्वारा आयोजित एसजीएफआई शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 में गोल्ड और सिल्वर मैडल अपने नाम किया है। चैतन्य ने जिला स्तरीय अंडर 17 वर्ग (पीप साईट) 10 मीटर राइफल शूटिंग में गोल्ड तथा संभाग स्तरीय में सिल्वर मैडल जीता है। इसके साथ ही विगत दिनों राजस्थान में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन शूटिंग प्रतियोगिता राजस्थान 2025-26 में गोल्ड (टीम) मैडल तथा जेएसएससी इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 में भी गोल्ड मैडल अपने नाम दर्ज किया है। गुरुवार को स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल




विजय नगर में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी मधुमिता हाजिरा, पूर्व राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी चंद्रशेखर स्वामी, चेयर पर्सन मधु जायसवाल, प्रिंसिपल मनमीत कोहली ने चैतन्य वीर दुबे को गोल्ड तथा सिल्वर मैडल प्रदान किया। चैतन्य वीर स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10 के छात्र हैं, जो जीएफजी शूटिंग अकादमी में निशांत नाथवानी, शक्ति चक्रवर्ती एवं संगीता पासी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चैतन्य वीर की उपलब्धि पर डायरेक्टर पर्व जायसवाल, स्कूल कोच संजय राव ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## जश्न ईद मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर का आयोजन

जबलपुर। समाजसेवी मंगन सिद्दीकी के द्वारा पिछले पांच वर्षों से मानवता सेवा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे युवा नौजवान रक्तदान करते चले आ रहे हैं। पैग़म्बर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत की ख़ुशी में रक्तदान कर लोगों की जिन्दगी बचाने हेतु एक अच्छी पहल, कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र जामदार, पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, डॉ. राजीव बडेरिया, समाज सेवी मज़हर उस्मानी, अंसारी समाज सरदार हकीम बाबा एवं इलियास अंसारी, असगर अंसारी, शमशुल हसन, फरहत कुरैशी नौशाद बक्स, गुलाम नबी, आदि सैकड़ों साथी शामिल हुए।

## सार्थक ऐप से बंद की जाए उपस्थिति



जबलपुर। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को ज्ञापन सौंपकर सार्थक ऐप से उपस्थित बंद करने की मांग की है। बताया गया सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा पत्र जारी किए गए हैं, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 24 घंटे कार्य करना पड़ता है, कोविड 19 के समय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर अधिकारियों ने जहां से जिस समय जो आया कोविड पॉजीटिव व्यक्ति अपनी जान जोखिम में डालकर जनसमुदाय की जान बचाने के लिए अपने प्राण दांव पर लगाया। मध्यप्रदेश में 53 विभागों में से किसी भी विभाग में सार्थक ऐप से हाजिरी नहीं लगाई जा रही है, केवल लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में ही सार्थक ऐस से हाजिरी लगाने के लिए पत्र जारी किये गए। अतः इन समस्याओं पर विचार कर संभाग जबलपुर में सार्थक ऐस से उपस्थिति दर्ज कराने हम सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को मुक्त रखा जाए।



## पर्यूषण पर्व पर हुए अनेक कार्यक्रम

सिहोरा। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा द्वारा 10 दिवसीय पर्यूषण परवाधिराज पर व्रत के छठवें दिन उत्तम संयम पर सुगंध दशमी पर्व मनाया जाता है जिसमें सभी महिलाएं अपने जीवन को सफल बनाने हेतु सुगंध दशमी का व्रत रखकर भगवान शीतलनाथ की आराधना पूजन करती है। सभी महिलाओं ने सुगंध दशमी के दिन बड़े जैन मंदिर एवं पंचायती जैन मंदिर में धूप दान एवं कथा वाचन कर एक दूसरे को तिलक लगाया एवं सुहाग की वस्तुओं का आदान-प्रदान किया और सभी ने भजन प्रश्नमंच व सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में भाग लिया एवं प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय आने वालों को परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन के द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में सभी बहनों का सराहनीय सहयोग रहा।

# ईद-मिलादुन्नबी आज, गणेश विसर्जन कल

## प्रशासन ने किया विसर्जन स्थल, जुलूस मार्गो का निरीक्षण

सिहोरा। नगर में आज शुक्रवार एंव कल शनिवार को आयोजित होने वाले प्रमुख दो आयोजनो को लेकर पुलिस एंव प्रशासनिक अधिकारियों ने जुलूस मार्गों का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। गुरुवार को एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके,आईपीएस एसडीओपी आदित्य सिंघारिया,थाना प्रभारी सिहोरा विपिन सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा सहित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सिहोरा खितौला का भ्रमण किया।आज शुक्रवार को ईद-मिलादुन्नबी पर निकलने वाले वाहन रैली जुलूस मार्ग के साथ कल शनिवार को गणेश प्रतिमाओं के चल समारोह एंव हिरन नदी खितौला घाट विसर्जन कुंड सहित अन्य विसर्जन स्थलों का भी निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । एसडीएम ने सीएमओ को दोनों आयोजनों के लिए मार्गों की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं एंव विसर्जन स्थल पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। चुकी बारिस का मौसम है और नदी में पानी भी अधिक है इसलिए प्रतिमा विसर्जन में सभी समिति सदस्यों से सावधानी बरतने की अपील भी प्रशासन ने नागरिकों से की है। घर घर सहित सार्वजनिक पंडालों में विराजे भगवान गणेश की सभी छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन 6 एंव 7 अगस्त को किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। विदित हो सिहोरा खितौला में छोटी बड़ी करीब डेढ़ सैकड़ा प्रतिमाएं स्थापित की गई है।






**श्री बृजभूषण उरांव**- भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री बृजभूषण उरांव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुडन प्रसाद राठौर**- गली नं. 2, इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री गुडन प्रसाद राठौर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती राजपूत**- थम्मन सिंह का बाड़ा गोरखपुर निवासी श्री अशोक राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती राजपूत (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार यादव**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री विजय कुमार यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री परमू लाल**- ग्राम छिवला गौरीघाट निवासी श्री परमू लाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित कोरी**- रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री नारायण कोरी के पुत्र श्री रोहित कोरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अहिल्या बाई पाण्डेय**- पुलिस लाइन एसपी ऑफिस के पास निवासी श्री भगवती पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती अहिल्या बाई पाण्डेय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपा बाई रजक**- घमापुर चौक के पास निवासी श्री राम भरोसे रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा बाई रजक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संतोष चड्डा**- पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री इंद्रजीत चड्डा की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष चड्डा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा तिवारी**- पूर्वी करियापाथर निवासी श्री राजकुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती नीलू प्रसाद**- तुलसी नगर रांझी निवासी श्री रमेश प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती नीलू प्रसाद (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज कुमार बर्मन**- सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री मनोज कुमार बर्मन (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती देवकी बाई पासी**- संजय गांधी नगर केंट निवासी श्री राम भरोसे पासी की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई पासी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## शिक्षकों के सम्मान में बुधआ के छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस



सिहोरा। शासकीय माध्यमिक शाला बुधआ में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रों ने बड़े ही उत्साह के साथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों द्वारा शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा आठवीं की छात्रा आशी लोधी और छात्र आदित्य पटेल ने मिलकर माँ सरस्वती की पूजा करके की। इसके पश्चात, विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कक्षा छठवीं से नैतिक नामदेव, चंचल कुर्मी,और लक्ष्मी,कक्षा सातवीं से नैतिक पटेल,अंशिका कोरी, सरस्वती आस्था लोधी,कक्षा आठवीं से शिवम कोरी,आदित्य पटेल, नैतिक, आशी, साधना,श्रद्धा,पिंकी और सृष्टि ने शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करते हुए शाला के प्रभारी प्रहलाद पटेल, प्रमोद नामदेव,करुणा चौबे,ऋषि राज उपाध्याय,सतीश तिवारी का तिलक लगाकर माला पहनाकर पगड़ी बाँधकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रहलाद पटेल, करुणा चौबे आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक - 1500/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक:-1/9/25

**आम इश्तहार**

ग्राम सालीवाड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि. आवेदक बालगोविंन्द/जालिम सिटे ने ग्राम सालीवाड़ा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि ख.नं. 81,82,80/3 रकवा 0.1910 हे., 0.1860हे., 0.1560 हे. भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 15/9/25 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक - 1/9/2025
पेशी दिनांक - 15/9/2025

सील
न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बरगी वृत्त, (जबलपुर)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करता हू कि मेरी पक्षकार उमा सोनी पति ज्ञानचंद सोनी, निवासी- साठिया कुंआ जबलपुर की पैतृक संपत्ति नजूल भूमि सीट नं. 19 (सी) प्लाट नं. 88/4 क्षेत्रफल 1352 वर्गफुट सराफा बाजार, उदय चौक मण्डला मे है, जिसमें एक हिस्सा मे स्वामी है जिसके संबंध मे मेरी पक्षकार के द्वारा मेरे भाई जवाहर सराफ पिता माखन लाल निवासी सराफा बाजार उदय चौक मण्डला म.प्र. को किसी भी प्रकार का कोई भी अनुबंध बैनामा या हक त्याग के संबंध मे कोई भी दस्तावेज, शपथ पत्र निष्पादित नही किया गया, यदि जवाहर सराफ द्वारा ऐसे कोई भी दस्तावेज मेरे नाम से पेश किये गये है या बनाये गये है तो कूटरचित एवं फर्जी है, उसकी संपूर्ण जवाबदारी जवाहर सराफ की होगी ।

जबलपुर
दिनांक 04/09/2025

भवदीय
विनोद विश्वकर्मा (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
कार्यालय :- धोबीघाट, वाटर वर्कस शॉप गोराबाजार, जबलपुर (म.प्र.),
मो.नं. 9993810638

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**

Presiding Officer: सुश्री स्नेहा सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (RCS A 0000061/2022
केशरानी गौड ....................वादी Vs
शिवदयाल गौड........................प्रतिवादी
TID/3036/2025
Process ID 199/25
प्रेषिती- पेशी दिनांक : 06/10/2025

(1) शिवदयाल पिता गिरधारी लाल गौड़ पता - नई बस्ती सुभाषनगर मोहनिया रांझी मानेगांव जबलपुर

यह कि प्रार्थी केशरानी गौड ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

स्नेहा सिंह
मुद्रा
प्रथम व्यवहार न्यायाधीस वरिष्ठ खण्ड
दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगानी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## उद्योग जगत ने इसे युक्तिसंगत कदम बताया

# जीएसटी 2.0 भारतीय अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क से निपटने में करेगा मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने का कदम भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि के चक्र को बढ़ावा देने के साथ ही अमेरिकी शुल्क का सामना करने में मदद करेगा। उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने यह बात कही। जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय दर संरचना को बुधवार को मंजूरी दी जो 22 सितंबर से लागू होगी। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा ने कहा कि जीएसटी दर में कटौती ने अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर कदम है जो जमीनी स्तर पर मांग को दूर करके भारत की व्यापक आर्थिक स्थिरता का समर्थन करेगा।

### खपत को बढ़ावा मिलेगाः आनंद महिंद्रा

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि खपत को बढ़ावा देने और निवेश करने के लिए ऐसे अधिक सुधारों की वकालत की। अधिक और तेजी से सुधार खपत एवं निवेश को उजागर करने का सबसे सुरक्षित तरीका हैं। वे बदले में, अर्थव्यवस्था का विस्तार करेंगे और दुनिया में भारत की आवाज को बुलंद करेंगे।

- भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि चक्र को बढ़ावा मिलेगा
- जमीनी स्तर पर मांग की कमी को दूर करेगा यह कदम
- खपत को बढ़ाने और अधिक सुधारों की वकालत की




***सीजीएसटी में दोहरे अंक की वृद्धिः इक्रा*** : *रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, '' सीजीएसटी और एसजीएसटी में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आईजीएसटी और उपकर संग्रह में वृद्धि धीमी रही, जिससे जीएसटी में मुख्य वृद्धि घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई।*

***वस्तुओं को सस्ता बनाने पर ध्यान केंद्रितः इनक्रेड वेल्थ*** : *इनक्रेड वेल्थ के सीईओ नितिन राव ने बताया कि शुल्क से प्रभावित श्रम-प्रधान उद्योगों को सहायता प्रदान करने और वस्तुओं को सस्ता बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।*

***आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगाः मुथूट*** : *मुथूट माइक्रोफिन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सदाफ सईद ने कहा, '' राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों के साथ-साथ आगे बढ़ने के साथ, आरबीआई द्वारा हाल ही में की गई 0.5 प्रतिशत की कटौती और सरकार द्वारा जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। ''*

***सीआईआई ने बड़ी उपलब्धि माना*** : *भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने बयान में कहा, '' जीएसटी सुधारों का कदम एक बड़ी उपलब्धि है।*

### बाजार में पहुंच का दायरा बढ़ेगाः फ्लिपकार्ट

फ्लिपकार्ट ग्रुप के कॉरपोरेट मामलों के मुख्य अधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों से पहले इन सुधारों का समय पर कार्यान्वयन निश्चित रूप से श्रेणियों में खपत को बढ़ाने, बाजार पहुंच का दायरा बढ़ाने और विकसित भारत की ओर हमारी सामूहिक यात्रा में तेजी लाएगा।

### फिक्की ने इसे ढ़ांचे का पुनर्गठन बताया

फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, '' सरकार द्वारा जीएसटी ढांचे का पुनर्गठन और सरलीकरण भारत की सुधार यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कर स्लैब कम करने से कई वस्तुओं एवं सेवाओं को पांच प्रतिशत की ''योग्यता दर'' पर लाने से अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### उपभोग मांग में वृद्धि की उम्मीद

आने वाले दिनों में उपभोग मांग में वृद्धि की उम्मीद है। सरकार द्वारा की गई घोषणाएं अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान देंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि भारत उच्च वृद्धि की अर्थव्यवस्था के पथ पर आगे बढ़ता रहे।'

## खबर संक्षेप

### एफडीआई जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 15 प्रतिशत बढ़कर 18.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शुल्क मुद्दों के बावजूद इस तिमाही के दौरान अमेरिका से निवेश लगभग तीन गुना होकर 5.61 अरब डॉलर रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान एफडीआई 16.17 अरब डॉलर रहा था। पिछले वित्त वर्ष में, मार्च तिमाही में निवेश सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत घटकर 9.34 अरब डॉलर पर था। इक्विटी निवेश समेत कुल एफडीआई समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बढ़कर 25.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2024-25 की इसी अवधि में यह 22.5 अरब अमेरिकी डॉलर था।

### देव एक्सेलरेटर का आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** लचीले कार्यालय स्थान उपलब्ध कराने वाली कंपनी देव एक्सेलरेटर लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 143 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 56 से 61 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 10 सितंबर को खुलकर 12 सितंबर को बंद होगा।

### मंत्रालय ने फर्जी पीएमवीवीवाई मंच के खिलाफ किया आगाह

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नागरिकों को कुछ फर्जी प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना मंचों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि ये मंच सरकार का उपक्रम होने का झूठा दावा कर रहे हैं। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया, '' मंत्रालय इन वेबसाइट या उनकी गतिविधियों से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार करता है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी वेबसाइट के साथ कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, न उनसे जुड़ें या न उनके माध्यम से कोई भुगतान करें।''

### अमेरिका नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्ती निकाली

**वाशिंगटन।** अमेरिकी श्रम बाजार में जारी सुस्ती के बीच जुलाई में नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्तियां निकालीं, जो जून के 74 लाख नौकरियों के आंकड़े से कम है। अमेरिकी श्रम विभाग ने जारी मासिक रिपोर्ट में कहा कि जुलाई में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता क्षेत्र में 1.81 लाख और खुदरा क्षेत्र में 1.10 लाख रिक्तियां घटीं। रिपोर्ट के मुताबिक, नौकरियों में छंटनी मामूली रूप से बढ़ी। हालांकि, नौकरियां छोड़ने वालों की संख्या 32 लाख पर स्थिर बनी रही। मार्च, 2022 में 1.21 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद से अमेरिकी श्रम बाजार की रिक्तियों में लगातार गिरावट आ रही है।

## आठ सितंबर को बंद रहेगा शेयर और मुद्रा बाजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण आठ सितंबर को सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजार में कोई लेनदेन और निपटान नहीं होगा।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत आठ सितंबर, 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है और इसलिए पहले घोषित पांच सितंबर, 2025 को सार्वजनिक अवकाश रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, मुद्रा बाजार और रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार पांच सितंबर, 2025 को चालू रहेंगे।

## केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना नियम किए अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत लाभों से संबंधित सेवा मामलों के विनियमन को लेकर नियम अधिसूचित किए हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह कहा गया। केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एकीकृत पेंशन योजना का कार्यान्वयन) नियम, 2025 में ''एकीकृत पेंशन योजना के तहत नामांकन और सेवानिवृत्ति की तिथि से एक वर्ष पहले या वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) से तीन महीने पहले यूपीएस से एनपीएस में स्विच करने की सुविधा'' सहित अन्य नियम शामिल होंगे। कार्मिक मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि ये नियम एनपीएस के तहत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में चुनने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में एकीकृत पेंशन योजना के तहत लाभों से संबंधित सेवा मामलों के विनियमन के लिए हैं। इसमें कहा गया है कि इन नियमों में कर्मचारी और सरकार के अंशदान, पंजीकरण में देरी और एनपीएस खाते में अंशदान जमा होने की स्थिति में सरकारी कर्मचारी को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति और सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों या यूपीएस विनियमों के तहत लाभों का विकल्प भी शामिल है। सेवानिवृत्ति पर देय लाभ, समय से पहले सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समावेश आदि भी नए अधिसूचित नियमों के अंतर्गत आते हैं। सेवा से त्यागपत्र पर सेवानिवृत्ति और 'अनिवार्य सेवानिवृत्ति/बर्खास्तगी/सेवा से निष्कासन का प्रभाव' आदि भी नए अधिसूचित नियमों के अंतर्गत आते हैं। अखिल भारतीय एनपीएस कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंजीत सिंह पटेल ने अधिसूचना का स्वागत किया और कहा कि 25 वर्षों के स्थान पर 20 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर सेवानिवृत्ति का प्रावधान निस्संदेह कर्मचारी कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

- तीन महीने पहले यूपीएस से एनपीएस में स्विच करने की सुविधा

### संचालन की प्रभावी तिथि एक अप्रैल 2025

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल 24 अगस्त को यूपीएस की शुरुआत को मंजूरी दी थी। वित्तीय सेवा विभाग ने इस साल 24 जनवरी को एनपीएस के तहत एक विकल्प/योजना के रूप में यूपीएस को अधिसूचित किया था। यूपीएस के संचालन की प्रभावी तिथि एक अप्रैल, 2025 है।


**SHRI RAM GROUP, JABALPUR** | 24

Affiliated to RGPV, Approved by AICTE, New Delhi
Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)

**Admission Notice**
**Under Institutional Preference Seats**
Shri Ram Institute of Technology (SRIT)

| | | | |
|---|---|---|---|
| CSE - 15 | AIML - 04 | EC - 12 | ME - 06 |
| CSBS - 03 | Comp.Engg. - 06 | EE - 06 | CE - 03 |

**On 05 Sept. to 15 Sept. 2025 Time : 10.00 A.M.**

(1) Admission under this quota will be done strictly as per guideline defined by DTE MP. (2) As determined by the Fee Committee and DTE MP. (3) Interested candidate may contact with all the original document.

**VENUE : SHRI RAM GROUP, JABALPUR**
For Further Enquiry
**Mob. 9755042292, 9755042293**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**गति शक्ति इकाई के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु ई-निविदा सूचना**

मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्नलिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**जीएसयू / सिविल अभियांत्रिकी कार्य**

**1. निविदा क्रमांक:** CPM-GSU-16-NAG-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा, सिवनी, नैनपुर और मंडला फोर्ट स्टेशनों पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्टों के प्रावधान के लिए शेष सिविल कार्यों का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,69,66,265/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,84,800/-

**जीएसयू / विद्युत कार्य**

**2. निविदा क्रमांक:** GSU-EL-G-NAG-2025-26-03
**कार्य का नाम** इलेक्ट्रिकल (जी) से सम्बंधित कार्य - नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा, सिवनी, नैनपुर और मंडला फोर्ट स्टेशनों पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्टों का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,55,63,586/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,27,800/-

**3. निविदा क्रमांक:** GSU-EL-G-NAG-2025-26-01R1
**कार्य का नाम** इलेक्ट्रिकल (जी) से सम्बंधित कार्य - **(1)** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में LC No. 463, LC No. 464, LC No. 465, LC No. 466, LC No. 468, LC No. 469, LC No. 472, LC No. 473, LC No. 477, LC No. 512, LC No. 542, LC No. 543, LC No. BK-09, LC No. BK-25, LC No. BK-52 और LC No. BK-60 पर LROB का विद्युतीकरण।
**(2)** एनएससीबी इतवारी, कामठी, वडसा और चांदाफोर्ट रेलवे स्टेशनों पर ऑल्टरनेटर के साथ डीजल जनरेटिंग सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,53,01,932/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,76,500/-

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथियां:**
**निविदा संख्या 1 व 2** - दिनांक **19.09.2025 के 15:00 बजे तक** || **निविदा संख्या 3** - दिनांक **20.09.2025** के **12:30** बजे तक।
उपरोक्त निविदा के अधिक विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**सहायक मंडल विद्युत अभियंता**
**गति शक्ति इकाई,**
FL/23-113 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**LIC HFL** LIC HOUSING FINANCE LTD

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

एरिया ऑफिस :-18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

( वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत मांग नोटिस ) ( 1 ) क्रमांक ( 2 ) गृह ऋण खाता क्रमांक ( 3 ) ऋणी का नाम व पता ( 4 ) सम्पत्ति का पता ( 5 ) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक ( 6 ) बकाया राशि क्र .

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत दिनांक / स्वीकृत ऋण राशि / मांग दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 120500017145<br>120500019309 | श्री दुर्गा सिंह ठाकुर सुश्री सुरभि ठाकुर पता लेआउट प्लॉट नंबर 18, खसरा नंबर 144 का हिस्सा, कांति विलास, मौजा कजरवारा, एनबी 505, पटवारी हल्का नंबर 27/23/2 नया 10, आरएनएम जबलपुर –1 नया बिलहरी, वार्ड नंबर 66, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. | लेआउट प्लॉट नं. 18, खसरा नं. 144 का भाग, कांति विलास, मौजा कजरवारा, एनबी 505, पटवारी हल्का नं. 27/23/2 न्यू 10, आरएनएम जबलपुर–1 न्यू बिलहरी, वार्ड नं. 66, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट सीमा – उत्तर में – प्लॉट नं. 19, दक्षिण में – प्लॉट नं. 17, पूर्व में – साइड रोड, पश्चिम में – प्लॉट नं. 01 | 26/03/2021<br>14,00,000/-<br>19.08.2025<br><br>28/07/2022<br>300,000/-<br>19.08.2025 | **11,47,273.31/-**<br>+ ब्याज व अन्य खर्चे<br><br>**3,22,634.39/-**<br>+ ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी । जिनको आपने स्वीकार किया था । ( 1 ) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । ( 2 ) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त ( कालम नं . 5 ) आस्ति । प्रतिभूति अनुबंध ( रक्षित आस्ति ) से रक्षित है । इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । ( 3 ) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । ( 4 ) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है ( कालम नं . 6 ) 1 ( 5 ) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 ( 4 ) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। ( 6 ) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी । जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **30.09.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि ( यदि कोई हो तो ) आपको भुगतान दिया जायेगा । ( 7 ) एक्ट की धारा 13 ( 13 ) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे । ( 8 ) एक्ट की धारा 13 ( 10 ) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरुद्ध ऋण वसूली अधिकरण ( DRT ) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है।

दिनांक : **05.09.2025**
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



**कार्यालय कार्यपालन**
**यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- उमरिया (म. प्र.)**

निविदा क्र. 25-27/2025-26/व.ले.लि./लोक.स्वा.यॉं/खण्ड/ उमरिया दिनांक 02/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं ।
**कार्य- उमरिया जिले के समस्त विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में हैंडपम्प संधारण संबंधी समस्त कार्य।**

| क्र. | निविदा क्र | ई- टेण्डर नम्बर | विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में.) | समय अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25/25-26 | 2025_PHED 448647_1 | करकेली | 37.41 लाख | 74820/- | 5,000/- | 12 माह | लोकनिर्माण विभाग मध्यप्रदेश में पंजीकृत या केन्द्र के निमार्णों में पंजीकृत संस्थाऐं |
| 2 | 26/25-26 | 2025_PHED 448648_1 | मानपुर | 40.14 लाख | 80280/- | 5,000/- | 12 माह | |
| 3 | 27/25-26 | 2025_PHED 448649_1 | पाली | 24.97 लाख | 49940/- | 5,000/- | 12 माह | |

**प्री बिड मीटिंग की तिथि 03/09/ 2025 समय 11.00 सुबह**
**निविदा ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16/09/2025 समय 5 .30 सायं**
**निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि 18/09/2025 समय 11.00 सुबह**
निविदा शर्ते एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें ।

**कार्यपालन यंत्री**
G-18181/25 "स्वच्छता ही सेवा" **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड (उमरिया (म.प्र.)**



**कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन जिला - सिवनी म.प्र.**

Email – jssjlakhnadon@mp.gov.in/supdtjaillkd@gmail.com Phon - 07690-240750

**:: पंचम ई-निविदा वर्ष 2025-26 ::** mptendrs.gov.in के माध्यम से

सबजेल लखनादौन में परिरूद्ध बंदियों के उपयोग में लगने वाली सामग्री हेतु चतुर्थ ई-निविदा वर्ष 2025- 26 की सब्जी दूध मही फल सामग्री की ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 15/09/2025 को शाम 05:00 बजे तक *mptenders.gov.in* बेवसाईट पर ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है ई - निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन ई-निविदा प्रकाशन | 01/09/2025 प्रातः 09:00 बजे से | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| प्रीबिड मीटिंग | - | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू 500/- ऑन लाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जावेगा | 15/09/2025 दोपहर 04:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| ऑन लाईन ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 15/09/2025 दोपहर 06:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | - | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| तकनीकी ई - निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि एवं चेक करने की तिथि | 17/09/2025 प्रातः 11:00 बजे से | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |
| वित्तीय ई-निविदा एवं सम्पूर्ण ई-निविदा कार्यवाही | दिनांक 17/09/2025 दोपहर 04:00 बजे से | कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन |

निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित जानकारी mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय मे ई-मेल या फोन से सम्पर्क किया जा सकता है निविदा फार्म दर्शित बेवसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

G-18156/25 "स्वच्छता ही सेवा" **अधीक्षक सबजेल लखनादौन जिला - सिवनी म.प्र.**



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग बिलासपुर वनमंडल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है ।

**डिपो का नाम - विक्रय काष्ठगार कोटा**
**नीलाम दिनांक - 11/09/2025**
**समय - 9:00 बजे प्रातः से**

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| क्रं. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 79.380 | 1243 | - | 126.863 | 1136 | - | - | - |
| 2 | साल | - | - | - | 85.385 | 267 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | - | - | - | 17.902 | 47 | - | - | - |
| 4 | साजा, | 0.257 | 2 | - | 36.854 | 151 | - | - | - |
| 5 | हल्दू, मुढ़ी, | - | - | - | 188.502 | 17 | - | - | - |
| 6 | खम्हार | - | - | - | - | 669 | - | - | - |
| 7 | धावड़ा | 0.455 | 6 | - | 51.232 | 100 | - | - | - |
| 8 | सलई | - | - | - | 1.923 | - | - | - | - |
| 9 | अन्य | 1.131 | - | - | - | 2573 | - | - | - |
| 10 | जलाऊ | - | - | - | - | - | 807 | - | - |
| 11 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 12 | औधोगिक बांस | - | - | - | - | - | - | 1620 | 1.350 |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | 6.866 | - | - | - | - |
| | योग:- | 81.223 | 1251 | - | 718.958 | 4960 | 807 | 3311 | 4.911 |

टीपः- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।(3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है ।(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा ।

**वनमंडलाधिकारी**
G-252603217 **बिलासपुर वन मंडल - बिलासपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल
श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**संस्था स्तर की काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (वास्तुकला परिषद), नई दिल्ली द्वारा जारी Circular Letter Dated 27.08.25 Extension of last date for admission to B.Arch, M.Arch and Diploma Programmes के परिपालन में

**(मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र संस्थानों में संचालित, (COA) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम)**

**प्रवेश हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम**

**डिप्लोमा आर्किटेक्चर (Diploma Architecture)**
**बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**
**स्नातकोत्तर आर्किटेक्चर (M. Architecture) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

**समय सारणी**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश का अवसर प्राप्त करना |
|---|---|
| 05.09.2025 से 10.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 11.09.2025 एवं 12.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 13.09.2025 से 21.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 22.09.2025 एवं 23.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 23.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 एवं 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

**महत्वपूर्णः-**

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

**प्रवेश निरस्त**

- **प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।**
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121899/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## चिंतन

# जीएसटी सुधार से देश के विकास को मिलेगी गति

बुधवार को जीएसटी काउंसिल ने वो फैसला ले ही लिया, जिसका 15 अगस्त के बाद से देश को बेसब्री से इंजतार था। स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार का ऐलान करते हुए आम देशवासी को राहत देने का वादा किया था। जीएसटी काउंसिल ने इस पर अमल करते हुए वस्तु कर के दो स्लैब 12 और 28 प्रतिशत को खत्म कर दिया। इनकम टैक्स में राहत के बाद यह केंद्र सरकार का आम आदमी को दूसरा बड़ा तोहफा है। इससे किसान और छोटे उद्यमियों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं न केवल सस्ती होंगी बल्कि उनकी खपत भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी। वैसे तो जीएसटी में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब इसकी पृष्ठभूमि में एक ओर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल को माना जा रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ है कि आज की आर्थिक दुनिया में किसी भी देश की मजबूती का पहला आधार उसकी घरेलू मांग और खपत होनी चाहिए। कअमेरिका जैसा विकसित देश भी टैरिफ को हथियार बनाकर अपने हित में ट्रेड डील की कोशिश कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अमेरिका के समक्ष झुकने की बजाए इसके विकल्प को अपनाने का रास्ता चुना है। अमेरिका से समझौता हमारे छोटे किसानों, पशुपालकों और छोटे व्यापारियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में देश के सामने टैरिफ को लेकर उपजी चुनौतियों का समाधान यही है कि हम घरेलू स्तर पर खपत, मांग और निवेश को बढ़ाकर विकास को गति दें। इससे न केवल हमारी विकास वृद्धि दर बरकरार रहेगी, बल्कि बढ़ती मांग से निवेश और रोजगार का चक्र भी जारी रहेगा। यह स्थिरता हमें दुनिया में वैकल्पिक बाजारों की ओर बढ़ने का भी अवसर देगी। इसलिए जीएसटी सुधारों को केवल बदलाव नहीं, बल्कि नई अर्थव्यवस्था के निर्माण के रूप में देखना चाहिए। वैसे भी जीएसटी केंद्र और राज्य सरकारों के लिए दुधारू गाय सबित हुआ है। एक जुलाई 2017 को लागू होने के बाद से हर साल इससे सरकार की आय में इजाफा हुआ है। इस साल 2025 में तो जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। शुरुआती साल में इसके जरिए सरकारी खजाने में 7.41 लाख करोड़ रुपये आए थे, वहीं अगले साल 2018–19 में जीएसटी से कमाई का आंकड़ा 11.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। अब तक कलेक्शन में तीन गुना से ज्यादा का इजाफा दर्ज किया जा चुका है। 2021-22 से लेकर 2024-25 तक सिर्फ पांच साल में ही जीएसटी से सरकार की कमाई दोगुनी हो गई और ये 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22.08 लाख लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, लेकिन अब बात अमेरिकी टैरिफ से निपटने और देश के विकास को नई रफ्तार देने की है। विकास दो चीजों पर निर्भर करता है। पहली, लोगों की आय लगातार बढ़े और दूसरी महंगाई नियंत्रण में रहे। आय तभी बढ़ेगी जब देश में निवेश और उत्पादन को गति मिले और रोजगार के नए अवसर बनें। वहीं महंगाई पर काबू पाने के लिए अप्रत्यक्ष करों में कटौती सबसे प्रभावी उपायों में से मानी जाती है। इसी आर्थिक सोच के तहत सरकार ने इस साल डिरेगुलेशन की दिशा में दो बड़े सुधार किए हैं जिसका असर अगले कुछ दिनों में दिखाई देगा। विदेशी कंपनियां निवेश की ओर आकर्षित होंगी और भारतीय कंपनिया और स्टार्टअप्स अनुपालन के बोझ से मुक्त होकर नवाचार में छलांग लगाएंगे। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि मेक इन इंडिया को भी बल मिलेगा।

# बाढ़ से बेहाल सरहद के आर-पार के पंजाब



आपदा
विवेक शुक्ला

आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

अमृता प्रीतम ने देश के बंटवारे के कारण पंजाब में हुए कत्लेआम पर एक कालजयी रचना लिखी थी- 'अज्ज आखाँ वारिस शाह नूं, कितों कबरां विच्चों बोल...'। ये नज़्म 1947 में हुए बंटवारे की प्रतिनिधि रचना मानी जाती है। इसमें बंटवारे के दर्द को बेहद मार्मिक तरीके से व्यक्त किया गया है। आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है।

सोशल मीडिया पर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की तस्वीरों को देखकर दिल दहल जाता है। सब तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है। पंजाब क्षेत्र में इस साल मानसून असामान्य रूप से तीव्र रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों में मौसम विभागों के अनुसार, 1 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच पंजाब में पिछले साल की तुलना में 26.5% अधिक बारिश दर्ज की गई। यह अत्यधिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून का परिणाम है, जो दोनों देशों में भारी बारिश का प्रमुख स्रोत है। जलवायु परिवर्तन ने इस मानसून को और उग्र बना दिया है, क्योंकि गर्म हवा अधिक नमी को समाहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप भारी और अनियंत्रित बारिश होती है। पंजाब की प्रमुख नदियां-रावी, सतलज, ब्यास, और चिनाब—इस साल असामान्य रूप से उफान पर हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने इन नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया है, जिसके कारण भारत के पंजाब में गुरदासपुर, अमृतसर, और फिरोजपुर जैसे जिलों में बाढ़ आई। पाकिस्तान में भी, इन नदियों का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसने लाहौर, कसूर, और बहावलनगर जैसे क्षेत्रों को जलमग्न कर दिया। लाहौर के पॉश इलाकों में रावी का पानी घुसने से हजारों घर प्रभावित हुए हैं।

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भी इस बाढ़ का एक प्रमुख कारण है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, देश के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45% तेजी से पिघल रहे हैं। यह पिघलता पानी रावी, सतलुज, और चिनाब जैसी नदियों में प्रवेश करता है, जिससे उनका जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। पाकिस्तान के जाने-माने पत्रकार हमजा हबीब कहते हैं कि उनके देश के पंजाब में खराब जल निकासी प्रणाली ने बाढ़ के प्रभाव को और बढ़ा दिया। उदाहरण के लिए, वाघा बॉर्डर पर जलभराव की स्थिति भारत की तुलना में अधिक गंभीर थी, क्योंकि भारत ने बेहतर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ड्रेनेज सिस्टम लागू किया है। इसके विपरीत, पाकिस्तान में अपर्याप्त ड्रेनेज ने पानी को जमा होने दिया, जिससे सड़कें, घर, और खेत जलमग्न हो गए।

भारत में भी, कुछ क्षेत्रों में पुराने बुनियादी ढांचे और अतिक्रमण ने जल निकासी को बाधित किया,



जिससे बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। सब जानते हैं कि पंजाब दोनों देशों का 'अन्न भंडार' है। इस बाढ़ ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत में 61 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि डूब गई, जबकि पाकिस्तान में हजारों एकड़ फसलें नष्ट हो गईं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका को भी नष्ट कर रहा है। 2022 की बाढ़ की तरह, इस बार भी पाकिस्तान में खाद्य संकट की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और यह बाढ़ उसकी चुनौतियों को और बढ़ा रही है। हजारों घर, सड़कें, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है। पाकिस्तान में इससे पहले 2022 में भी भयानक बाढ़ से हाहाकार मच गया था। तब भी पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया था।

हजारों लोगों की जानें गई थीं। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा था कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। तब पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई थी। उन्होंने कहा था, "पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।" पर भारत-पाकिस्तान के रिश्ते पहलगाम की घटना के कारण बहुत खराब हो चुके हैं। इस बीच, भारत में भी, पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, और लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। सामाजिक तनाव भी बढ़ रहा है, क्योंकि प्रभावित लोग सरकार से मुआवजे और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। इस बाढ़ ने दोनों देशों में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पाकिस्तान के पंजाब में लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जबकि भारत में 1,000 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लोग अपने घर, खेत, और आजीविका खो चुके हैं। सिखों का पवित्र धार्मिक स्थान करतारपुर कॉरिडोर भी पानी से लबालब है। भारत ने भारी मानसूनी बारिश के कारण अपने डैमों से पानी छोड़ने की सूचना पाकिस्तान को बीते महीने दे दी थी। यह सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि डैम भर जाने पर अतिरिक्त पानी नदियों में बहता है, जो पाकिस्तान की ओर जाता है। भारत ने मानवीय आधार पर 24-26 अगस्त को कई चेतावनियां जारी कीं, भले ही सिंधु जल संधि अप्रैल 2025 में निलंबित हो गई थी। पर पाकिस्तान के कुछ यू ट्यूबर्स आरोप लगा रहे हैं कि भारत के इस कदम से न केवल पाकिस्तान बल्कि भारत में भी बाढ़ आई। उनका दावा है कि भारत ने डैमों को पाकिस्तान के पानी से भरकर अचानक फाटक खोले, जिससे पाकिस्तानी पंजाब में विनाशकारी बाढ़ आई। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन आरोपों को नकार दिया है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

# हर प्रश्न में छिपा हुआ है शिक्षक, हर उत्तर में सीख

शिक्षक दिवस, जिसे भारत में हर साल 5 सितंबर को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाता है, केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, प्रेरणा और जीवन मूल्यों का एक जीवंत महोत्सव है। यह दिन हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान शिक्षाविद् की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। आज यह दिन न केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित है, बल्कि यह हमें हर उस व्यक्ति को सम्मानित करने का अवसर देता है जो हमारे जीवन को नए अर्थ, दिशा और संभावनाओं से समृद्ध करता है। परंपरागत रूप से, शिक्षक वह गुरु था जो ज्ञान का दीप जलाता था, और शिष्य उसकी रोशनी में जीवन पथ पर आगे बढ़ता था। लेकिन आधुनिक युग में शिक्षक की परिभाषा और अधिक व्यापक हो गई है। आज शिक्षक वह नहीं जो केवल किताबी ज्ञान दे, बल्कि वह है जो हमें जीवन की जटिलताओं को समझने, चुनौतियों का सामना करने और मूल्यों को अपनाने की कला सिखाता है। यह माता-पिता हो सकते हैं जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, दोस्त जो कठिन समय में हौसला देते हैं, या कोई अनजान व्यक्ति जिसकी सलाह हमारे जीवन को नया मोड़ देती है। शिक्षक दिवस को नए दृष्टिकोण से देखना यही है कि हम इसे केवल एक व्यक्ति या पेशे तक सीमित न करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षक समाज का हर वह व्यक्ति है जो हमें कुछ सिखाता है। एक बच्चा अपनी मासूम जिज्ञासा से नया दृष्टिकोण देता है, एक सहकर्मी सहयोग और नेतृत्व की कला सिखाता है, और हमारी असफलताएं भी हमें धैर्य व दृढ़ता का पाठ पढ़ाती हैं। इस तरह शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उस निरंतर सीखने की प्रक्रिया का सम्मान है जो हमें हर पल बेहतर बनाती है। यह हमें यह अहसास कराता है कि ज्ञान का कोई एक स्रोत नहीं, यह जीवन के हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरा हुआ है। शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान बांटने तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक मूर्तिकार है जो संवेदनशीलता, मानवीयता और नैतिकता को आकार देता है। आज के युग में, जब तकनीकी प्रगति दुनिया को तेजी से बदल रही है, शिक्षक हमें यह सिखाता है कि असली प्रगति मशीनों या व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण में निहित है। वह हमें यह समझाता है कि सफलता का अर्थ केवल अपनी जीत नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का साझा प्रयास है। एक शिक्षक का प्रभाव उसके शब्दों से कहीं अधिक उसके चरित्र, सोच और जीवनशैली में झलकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, सादगी और समर्पण से लाखों लोगों को प्रेरित किया। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देने का मतलब है इसे केवल अतीत के सम्मान तक सीमित न रखकर भविष्य की नींव बनाने का उत्सव बनाना। शिक्षक का दायित्व महज पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की अनिश्चितताओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, जहां परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्य है, शिक्षक वह आधार प्रदान करता है जो हमें हर बदलाव के साथ सामंजस्य बैठाने की शक्ति देता है। वह हमें यह विश्वास दिलाता है कि हर कठिनाई में अवसर छिपा है और हर सवाल में एक नया जवाब। शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों, व्यवहार और जीवनशैली से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। चाहे वह कक्षा में बच्चों को पढ़ाने वाला शिक्षक हो, नैतिकता का पाठ सिखाने वाले माता-पिता हों, या समाज में बदलाव लाने वाला कार्यकर्ता हो, हर व्यक्ति अपने स्तर पर शिक्षक की भूमिका निभाता है। शिक्षक दिवस को व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो यह केवल एक दिन या व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि वह अनंत शृंखला है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देना यही है कि इसे औपचारिकता से परे ले जाकर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरी हुई है। शिक्षक दिवस का असली उत्सव तब है जब हम अपनी जिज्ञासा को जीवित रखते हैं, दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं, और हर अनुभव से सीख लेते हैं। यह दिन केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उस अनंत यात्रा का उत्सव है जिसमें हम सभी सहयात्री हैं, कभी शिक्षक, कभी शिष्य, और हमेशा एक सीखने वाले। यही शिक्षक दिवस का सच्चा अर्थ है, जो इसे आज के युग में सही मायनों में जीवंत और प्रासंगिक बनाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल



संकलित
## दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

# नई बातें सीखने से व्यक्तित्व निखरेगा



संकलित
## प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा।

## सटाका




## आज की पाती


### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि–त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*– दिलीप तिवारी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# एनआरआई अमित नासा के सह-प्रशासक नियुक्त



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यहां घोषणा की कि भारतीय–अमेरिकी अमित क्षत्रिय को नासा का 'अन्वेषण–केंद्रित' नया सह–प्रशासक नियुक्त किया गया है। नासा में 20 साल सेवा दे चुके क्षत्रिय हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अन्वेषण प्रणाली विकास मिशन निदेशालय (ईएसडीएमडी) में चंद्रमा और मंगल से जुड़े अभियान कार्यक्रमों के उप–प्रभारी थे। नासा के एक बयान में कहा कि कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन पी डफी ने बुधवार को अमित क्षत्रिय को नासा का अन्वेषण केंद्रित नया सह–प्रशासक नियुक्त किया। विस्कॉन्सिन में भारतीय प्रवासी माता–पिता के घर जन्मे एवं कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा ऑस्टिन स्थित टेक्सास विवि से शिक्षा प्राप्त क्षत्रिय इतिहास में मिशन नियंत्रण उड़ान निदेशक के रूप में सेवा करने वाले लगभग 100 लोगों में से एक हैं। नासा की वेबसाइट पर उनके प्रोफाइल के अनुसार, वह 2003 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े थे। क्षत्रिय को अंतरिक्ष स्टेशन के 50वें अभियान के वास्ते प्रमुख उड़ान निदेशक के रूप में उनके कार्यों के लिए नासा उत्कृष्ट नेतृत्व पदक से सम्मानित किया गया था। नासा ने कहा कि अपनी नयी भूमिका में वह एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक के रूप में तथा डफी के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन–समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन–समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

## ट्रेंड

### सिंगापुर मूल्यवान साझेदार



विकसित भारत के निर्माण की हमारी यात्रा में सिंगापुर एक मूल्यवान साझेदार है। हम उन्नत विनिर्माण, कौशल विकास और डिजिटल ढांचों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप के त्वरित कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबका मंगल एवं कल्याण हो



सृष्टि पालक भगवान विष्णु के पंचम अवतार भगवान वामन की जयंती पर समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु की कृपा आप सभी पर बनी रहे, सबके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आनंद बढ़े, सबका मंगल एवं कल्याण हो।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### प्रगतिशील कदम



आवश्यक वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि के लिए संशोधित जीएसटी स्लैब समावेशी विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। सिक्किम के लोगों की ओर से, मैं इस परिवर्तनकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

**- प्रेम सिंह तमांग, सीएम, सिक्किम**

### तकनीक की दुनिया



वैश्विक राजनीति में काफी अनिश्चितता है। लेकिन वैश्विक बाज़ारों ने सकारात्मकता दिखाई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तकनीक की दुनिया में अद्भुत प्रगति हो रही है जो समृद्धि की ओर ले जा रही है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हर्षिल में तेलगाड के मुहाने पर टूटा पहाड़, झील बनने का खतरा बना, दहशत में लोग

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में भारी अतिवृष्टि ने तबाही मचाई हुई है। हर्षिल में तेलगाड के मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण उसका प्रवाह रुक गया है। सुबह पहाड़ टूटने से पहले उसमें मलबा ओर पानी बह कर आया। मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण रुके प्रवाह से ऊपर झील बनने का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने हर्षिल ओर निचले इलाकों में लोगों को सावधान रहने को कहा है।


इस घटना से हर्षिल क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। उत्तरकाशी में लगातार बारिश के कारण कई गांवों में भू-धंसाव की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। इस स्थिति से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है।

**उत्तराखंड में भारी अतिवृष्टि ने मचाई तबाही**

*उत्तरकाशी में लगातार बारिश के कारण कई गांवों में भू-धंसाव की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। इस स्थिति से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है*

**पुलिस ने सावधान रहने को कहा | लोग घर छोड़कर दूसरी जगह गए**







### थराली के सगवाड़ा गांव में मकान बहा

थराली के सगवाड़ा गांव में अतिवृष्टि से मलबे के साथ एक मकान भी बह गया। तहसीलदार अक्षय पंकज ने बताया कि कल रात थराली क्षेत्र में बहुत तेज बारिश हुई। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि सगवाड़ा गांव में फिर से मलबे के साथ एक मकान तहस नहस हो गया है। राजस्व टीम और डीडीआरफ को मौके पर भेजा जा रहा है। यहां 22 अगस्त को भी एक मकान टूटा था, जिसमें एक युवती की मौत हो गई थी।

### छाटांगा और मदेश गांव में भूस्खलन

*बड़कोट नगरपालिका क्षेत्र के छाटांगा में आधे दर्जन से अधिक घरों के आंगन भू-धसाव की चपेट में आ गए हैं। लगातार बारिश से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लोग डर के मारे रात में सो नहीं पा रहे हैं और कई लोग अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। वहीं मदेश गांव के ग्रामीणों में भी भय का माहौल है क्योंकि गांव के आगे और पीछे से भूस्खलन हो रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अमिता पंवार ने बताया कि गांव के नीचे सहायक नदी के कटाव से भी खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो गांव के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

## हिमाचल के ओच्छघाट में घर पर पहाड़ी से गिरी बड़ी चट्टान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के ओच्छघाट क्षेत्र में देर रात एक बड़ी चट्टान अचानक पहाड़ से खिसक कर सीधे एक दो मंजिला मकान पर गिर गई और छत को तोड़ती हुई आंगन में आकर अटकी। गनीमत रही कि यह चट्टान कुछ पेड़ों पर अटक गई, अन्यथा इसका कहर साथ लगते कई घरों पर टूट पड़ता और जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था।



### बठोल में भूस्खलन, तीन घरों में आईं दरारें

*सोलन जिले के धर्मपुर में बारिश के बाद बठोल गांव में भूस्खलन होने से तीन घरों में दरारें आ गईं। एहतियातन घरों को खाली करवा दिया गया है। यहां पर लगातार भूमि कटाव हो रहा है। इससे पूरे गांव को खतरा मंडराया हुआ है। खेतों में भी गहरी दरारें पड़ गई हैं।*

### नेरन गांव में जमीन में धंसा मकान

सोलन जिले की रामशहर तहसील के तहत ग्राम पंचायत बहेड़ी के गांव नेरन में बारिश के चलते एक रिहायशी मकान जमीन में समा गया। यह मकान शंकर कुमार पुत्र बुधराम का था। इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### 90 बीएसएफ चौकियां पानी में डूबी, भारत-पाक सीमा पर लगी 110 किमी लंबी फेसिंग क्षतिग्रस्त

*चंडीगढ़। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पंजाब सरकार ने राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। बाढ़ की वजह से भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 110 किमी से अधिक फेसिंग (बाड़) क्षतिग्रस्त हो चुकी है और सरहद पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 90 चौकियां पानी में डूब चुकी हैं। इसके अलावा जम्मू और पंजाब दोनों ही राज्यों के बॉर्डर एरिया बाढ़ की चपेट में हैं। बीएसएफ की तरफ से मेगा पुनर्निर्माण अभियान शुरू किया गया है।*



---

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में नाव के टकराने से 31 की मौत

**अबुजा।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में एक नदी में नाव हादसा हो गया। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई।



अफसरों ने बताया कि नाइजर राज्य के बोर्गू क्षेत्र में एक नाव एक पेड़ के तने से टकरा गई। उसमें 90 लोग सवार थे। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन एजेंसी ने बताया कि अब तक 50 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन लापता लोगों की संख्या की

### लिस्बन में पटरी से उतरी ट्राम, 17 लोगों की मौत

लिस्बन। लिस्बन में एक ट्राम (स्ट्रीटकार) पटरी से उतर गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई।



जबकि 23 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने घटना को लेकर दुख जताया। राष्ट्रीय चिकित्सा आपात स्थिति संस्थान ने बताया कि घायलों में से 5 की हालत गंभीर है। घायलों में विदेशी नागरिक और एक बच्चा भी शामिल हैं।

### नेपाल में 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने नेपाल टेलीकॉम अथॉरिटी को 26 सोशल मीडिया वेबसाइट्स ब्लॉक करने का आदेश दिया है।



इन वेबसाइट्स में मेटा और एक्स भी शामिल हैं। नेपाल की मिनिस्ट्री ऑफ कम्यूनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रवक्ता गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि सभी सोशल मीडिया को नेपाल में गुरुवार से बंद कर दिया गया है।

---

मणिपुर में आएगी शांति

## केंद्र से बातचीत के बाद कुकी-जो एनएच-2 खोलने के लिए तैयार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में रोजमर्रा की जिंदगी की रीढ़ कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को फिर से खोलने का ऐलान हो चुका है। कुकी-जो काउंसिल ने केंद्र सरकार के साथ लंबी बातचीत के बाद यह फैसला लिया है कि अब इस राजमार्ग पर लोगों और जरूरी सामान की आवाजाही बिना किसी रुकावट के होगी। यह कदम मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बातचीत के बाद निकला रास्ता

कुकी-जो काउंसिल और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के बीच नई दिल्ली में कई दौर की बातचीत हुई। इन बैठकों का मकसद था मणिपुर में तनाव को कम करना और जरूरी सामान की आपूर्ति को फिर से शुरू करना। गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि कुकी-जो काउंसिल ने भारत सरकार की ओर से तैनात सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एनएच-2 पर शांति बनाए रखने का वादा किया है। एनएच-2 मणिपुर को नगालैंड और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। मई 2023 से शुरू हुए मेइती-कुकी तनाव के कारण इस राजमार्ग पर आवाजाही ठप थी।

### एक साल के त्रिपक्षीय समझौता लागू

*इसी के साथ, गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार और कूकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन व यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट (यूपीएफ) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ। इस समझौते को 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ)' कहा गया, जिसमें नए नियम और शर्तें तय की गई हैं। यह समझौता एक साल के लिए लागू होगा।*

---

पीएम मोदी से सिंगापुर के समकक्ष लॉरेंस वोंग ने की मुलाकात

# प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, रक्षा, कौशल विकास जल संसाधन, ग्रीन शिपिंग में भी करेंगे सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत-सिंगापुर के बीच रक्षा सहयोग को भी द्विपक्षीय साझेदारी के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में स्वीकार किया गया। तीनों सेनाओं सहित दोनों पक्षों के बीच आदान-प्रदान और प्रशिक्षण सहयोग के साथ-साथ सहभागिता को और बढ़ाने पर सहमति हुई।*

सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग तीन दिनों के भारत दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की। इस बात की जानकारी सचिव (ईस्ट) पी. कुमारन ने दी।

उन्होंने बताया कि रक्षा सहयोग को भी द्विपक्षीय साझेदारी के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में स्वीकार किया गया। तीनों सेनाओं सहित दोनों पक्षों के बीच आदान-प्रदान और प्रशिक्षण सहयोग के साथ-साथ सहभागिता को और बढ़ाने पर सहमति हुई। रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी सहमति हुई।

- *दोनों देश मुक्त व्यापार समझौतों की संभावना तलाशेंगे*
- *भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप में करेगा*



### पांच एमओयू हुए संपन्न



सचिव कुमारन ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पांच समझौता ज्ञापन संपन्न हुए हैं। इनमें हरित और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर पर सहयोग, अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना।

### बीएमसीटी टर्मिनल का उद्घाटन किया



पीएम नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने ने नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपी) पर सिंगापुर के साथ साझेदारी में विकसित भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (बीएमसीटी) के दूसरे चरण के विकास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

### ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुगम बनाएंगे

सचिव ने कहा कि हरित और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर पर संपन्न समझौता ज्ञापन शून्य-उत्सर्जन ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सहयोग को सुगम बनाएगा और हमारे समुद्री उद्योगों को इस समझौते से लाभ होगा। डिजिटल परिसंपत्ति नवाचार पर भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया।

### द्विपक्षीय सेमीकंडक्टर नीति वार्ता स्थापित

कुमारन ने कहा कि सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी पर एमओयू का आदान-प्रदान किया था। इसके तहत एक द्विपक्षीय सेमीकंडक्टर नीति वार्ता स्थापित की है और दोनों पक्ष भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए निवेश, व्यापार-से-व्यापार संबंध, कौशल विकास और अनुसंधान एवं विकास पर काम कर रहे हैं।

---

ऑपरेशन सिंदूर से हुई ऐसी तबाही

## चार महीने बाद भी एयरबेस की मरम्मत नहीं कर पाया पाकिस्तान

**यूएस कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज की नई तस्वीरों में खुलासा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रावलपिंडी के चकलाला स्थित नूर खान एयर बेस की अमेरिकी कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज से नई तस्वीरें मिली हैं। ये तस्वीरें दिखाती हैं कि हमले के लगभग चार महीने बाद, नूर खान बेस पर पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। बुधवार को ली गई इन तस्वीरों में घटनास्थल पर नई दीवारों के हिस्से और जमीन पर काम दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी वायुसेना की नंबर 12 वीआईपी स्क्वाड्रन, जिसे बुर्राक्स भी कहा जाता है।



### भारत ने विशेष सैन्य ट्रकों को बनाया था निशाना

*इंटेल लैब के जियो इंटेलिजेंस रिसर्चर डेमियन साइमन के अनुसार, हमले से पहले की सैटेलाइट तस्वीरों में साइट पर 'विशेष सैन्य ट्रक' दिखाई दे रहे थे, जिन्हें हमलों के दौरान नष्ट कर दिया गया था। विश्लेषकों का मानना है कि ये ट्रक कमांड और कंट्रोल (सी2) सेंटर्स के रूप में काम कर रहे थे।*

### एयरबेस के पास नई दीवार बना रहा पाकिस्तान

साइमन ने कहा कि नई दीवार के खंडों का वर्तमान लेआउट उन इमारतों के लेआउट जैसा है जिन्हें गिरा दिया गया था। पाकिस्तान इसे दोबारा बना रहा है जिससे पता चलता है कि वो इस साइट पर अपने ऑपरेशन फिर से शुरू करना चाहता है जो कि शायद एयरफील्ड ऑपरेशन का हिस्सा है।


---

आर्मी परेड में चीन ने दिखाई ताकत

## रोबोट भेड़िए से लेकर दुनिया को निशाना बनाने में सक्षम मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में बुधवार को द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़े एक समारोह पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। इस दौरान चीन ने अपने एक से एक उन्नत हथियारों का प्रदर्शन भी किया। चीन की सेना की यह परेड उसके इतिहास की सबसे बड़ी परेड थी। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तियानमेन स्क्वायर पर सैन्य परेड में 50 हजार लोगों की भीड़ और मीडिया के सामने देश की सेनाओं को सलामी दी। इसके बाद जिन खास हथियारों का प्रदर्शन किया गया उनमें रोबोटिक भेड़ियों से लेकर परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलें, लेजर हथियार और ड्रोन्स



की नई रेंज शामिल रहे। इसके अलावा लड़ाकू विमान, अंतरिक्ष से जुड़ी रक्षा प्रणालियां भी चीन की प्रदर्शनी का अहम हिस्सा रहे। चीन ने कुछ इसी तरह चार पैरों पर चलने वाले रोबोटिक भेड़िए परेड में दर्शाए हैं। यह मशीनें सीमाई और संघर्ष के क्षेत्रों में न सिर्फ निगरानी कर सकती हैं, बल्कि लक्ष्यों पर निशाना भी साध सकती हैं।

---

शशि थरूर की अमेरिका को सलाह

## रिश्ते बचाने के लिए दंडात्मक शुल्क हटाएं, फ्री ट्रेड वार्ता करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्रंप की नई वैश्विक कूटनीति को लेकर अमेरिका पर निशाना साधा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सलाह देते हुए कहा कि रिश्तों को बचाने के लिए अमेरिका को चाहिए कि दंडात्मक शुल्क हटाए, खासकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों से तो जरूर हटाए। फ्री ट्रेड वार्ता तेज करे और भारत को वैकल्पिक बाजार मुहैया कराए। उच्चस्तरीय संवाद बहाल करे। ट्रंप और मोदी की सीधी बातचीत रिश्तों की ठंडक पिघला सकती है। तकनीकी और रक्षा सहयोग बढ़ाए ताकि भरोसा मजबूत हो। थरूर ने अंग्रेजी अखबार में लेख लिखकर कहा है कि 1949 में चीन पर माओत्से तुंग की कम्युनिस्ट जीत के बाद अमेरिका में 'हू लॉस्ट चाइना?' बहस छिड़ी थी। आज वही सवाल कुछ सालों बाद भारत के संदर्भ में उठ सकता है, 'हू लॉस्ट इंडिया?'

---

रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन ने जताई संघर्षविराम पर वार्ता की संभावना

# कहा- जेलेंस्की तैयार, तो मॉस्को आ सकते हैं

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जारी गतिरोध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि यदि बैठक अच्छी तरह तैयार की जाए और उससे सकारात्मक परिणाम निकलें, तो जेलेंस्की मॉस्को आ सकते हैं। इस बयान ने युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की संभावनाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्होंने कभी भी जेलेंस्की से मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बैठक तभी होनी चाहिए जब यह यूक्रेन के संविधान के दायरे में और सकारात्मक परिणाम देने वाली हो। पुतिन ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे इस बारे में सवाल किया था और उन्होंने इसे संभव बताया।

- चर्चा यूक्रेन के संविधान के दायरे में ही संभव
- यूक्रेन को ईयू में शामिल करने पर आपत्ति नहीं



### एकध्रुवीय दुनिया का हो अंत

*पुतिन ने कहा कि अब एकध्रुवीय दुनिया का अंत होना चाहिए और सभी देशों को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। पुतिन ने साफ कहा कि किसी एक देश को विश्व राजनीति और सुरक्षा पर हावी नहीं होना चाहिए।*

### यूक्रेन की नाटो सदस्यता से है आपत्ति

*पुतिन ने दोहराया कि हर देश को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार है, लेकिन किसी भी देश की सुरक्षा दूसरे देश की कीमत पर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की नाटो सदस्यता रूस के लिए सीधी सुरक्षा चुनौती है। हालांकि, पुतिन ने यह स्पष्ट किया कि यूक्रेन को यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने पर रूस की उतनी कड़ी आपत्ति नहीं है।*

### यूक्रेन का आरोप रूस शांति प्रक्रिया से बच रहा

पुतिन के बयान के तुरंत बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कम से कम सात देशों ने रूस-यूक्रेन वार्ता की मेजबानी की पेशकश की है, जिनमें ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, वेटिकन, तुर्किये और खाड़ी देशों के तीन राष्ट्र शामिल हैं। सिबिहा ने पुतिन के प्रस्ताव को जानबूझकर अस्वीकार्य बताया और कहा कि रूस वास्तविक शांति प्रक्रिया से बच रहा है।

---

राजस्थान के अलवर में धर्मांतरण का बड़ा खुलासा

## हॉस्टल पर छापा मार 52 बच्चे छुड़ाए गए 2 गिरफ्तार, शिक्षा व पैसों का दिया लालच

एजेंसी ▶▶ अलवर

राजस्थान के अलवर जिले में धर्मांतरण का बड़ा मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने बुधवार शाम उद्योग नगर थाना क्षेत्र के गोलेटा गांव स्थित सैय्यद कॉलोनी में एक हॉस्टल पर छापा मारा। यहां से 52 बच्चों को बरामद किया गया, जिन्हें शिक्षा और पैसों के लालच में धर्म परिवर्तन के लिए गुमराह किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। मौके से दो लोगों अमृत और सोनू रायसिख को गिरफ्तार किया गया।

### धार्मिक ग्रंथ व अन्य सामग्री जब्त



*पुलिस ने हॉस्टल से ईसाई धर्म से जुड़े धार्मिक ग्रंथ और बड़ी मात्रा में लिखने की सामग्री जब्त की है। बच्चों ने पुलिस को बताया कि हॉस्टल में हिंदू देवी-देवताओं को लेकर गलत बातें कही जाती थीं और ईसा मसीह को ही सच्चा भगवान बताया जाता था।*

### पुलिस का दावा, नेटवर्क कई राज्यों में फैला

छापेमारी के दौरान बच्चे डर के मारे हॉस्टल की दीवार कूदकर भागने लगे। वहीं हिंदू संगठनों ने भी मौके पर पहुंचकर विरोध किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## पूंजी निवेश के लिए देश का मॉडल स्टेट बना मप्र, निवेशकों के व्यापार-व्यवसाय की सफलता की गारंटी हमारी

# धार का पीएम-मित्रा पार्क भारत को विश्व की टैक्सटाइल कैपिटल बनाने की दिशा में निर्णायक कदम, जल्द ही होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से कपड़ा उद्योग, मसाला व्यापार और स्वर्ण आभूषण के मामले में दुनिया में अग्रणी रहा। तकनीक के अभाव में किसी समय व्यापार के माध्यम से हमारी क्षमता को प्रभावित करने का कुत्सित प्रयास किया गया।

केंद्र सरकार कठिन समय में सभी उद्योगपतियों के साथ है। आयात शुल्क में छूट मिलना उद्योगों को पुनर्स्थापित करने के लिए एक प्रकार की मदद है, सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली के होटल आईटीसी मौर्या में मप्र के धार स्थित पीएम-मित्रा पार्क में इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज के इंटरैक्टिव सेशन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र कपास उत्पादन में देश में 7वें स्थान पर है। पहले स्थान पर चल रहे गुजरात और मप्र के बीच टैक्सटाइल सेक्टर का पीएम-मित्रा पार्क बनाया जा रहा है, जिसके संचालन के लिए मप्र में कच्चे माल की उपलब्धता से लेकर अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**देश के सभी 7 पीएम-मित्रा पार्क में 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार**



### पीएम-मित्रा पार्क टेक्सटाइल सेक्टर को वैश्विक प्रतिस्पर्धा

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि धार का पीएम-मित्रा पार्क केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि वस्त्र उद्योग की दशकों पुरानी मांग का समाधान है। यह पार्क भारत को वैश्विक टैक्सटाइल बाजार में एक नई पहचान देगा और देश का सबसे बड़ा एकीकृत टैक्सटाइल हब बनेगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि भारत के सामने लगभग 800 बिलियन डॉलर का वैश्विक टैक्सटाइल बाजार अवसर के रूप में मौजूद है। केन्द्र सरकार इसे हासिल करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने विशेष रूप से भारत टैक्स आयोजन का उल्लेख किया, जिसमें 170 से अधिक देशों ने भाग लिया और जहां रिसाइकल्ड फाइबर, न्यू एज फाइबर, सस्टेनेबिलिटी और क्वालिटी पर गहन चर्चा हुई।

### निवेश के लिए आदर्श राज्य है मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश के केंद्र में स्थित है, निवेशकों के लिए अनेक अनुकूलताएं उपलब्ध कराता है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मप्र से होकर गुजरता है। मप्र में 8 एयरपोर्ट हैं। विस्तृत रेल नेटवर्क हमारे राज्य को देश के सभी बड़े शहरों से जोड़ता है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि आप मप्र में जहां भी उद्योग स्थापित करना चाहें, वहां भूमि, बिजली, पानी, एप्रोच रोड, नियर-टू-डोर कनेक्टिविटी, सस्ती श्रम दरें, कुशल श्रम शक्ति सहित अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मप्र देश का संभवतः ऐसा पहला राज्य है, जहां कभी औद्योगिक हड़ताल (इन्डस्ट्रियल अनरेस्ट) भी नहीं होतीं। उन्होंने निवेशकों से कहा कि आपके बिजनेस के विकास में सरकार हर घड़ी आपके साथ खड़ी है। आपको यहां समुचित रूप से बिजनेस करने की पूरी छूट, मिलेगी साथ ही गारंटी सहित निवेश प्रोत्साहन के लिए इन्सेंटिव (अनुदान) भी हमारी सरकार देगी।

### मप्र पहला राज्य जिसने पीएम-मित्रा पार्क के लिए निवेशकों से आवेदन लेना किया शुरू

केंद्रीय सचिव नीलम शमी राव ने कहा कि मप्र ने औद्योगिक विकास के लिए ग्रीनफील्ड भूमि उपलब्ध कराकर देश में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां 'फार्म-टू-फैशन' की पूरी वैल्यू चेन उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव वस्त्र मंत्रालय रोहित कंसल ने कहा कि मप्र देश का पहला राज्य है जिसने पीएम-मित्रा पार्क के लिए निवेशकों के आवेदन लेना शुरू किया है।

### पीएम-मित्रा पार्क से निवेश, निर्यात और रोजगार को नई ऊंचाई मिलेगी

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्क केवल मप्र ही नहीं बल्कि पूरे देश के टैक्सटाइल सेक्टर के लिए गेमचेंजर साबित होगा।

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा

इंटरैक्टिव सेशन में टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर के उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की गई। प्रमुख सचिव उद्योग सिंह ने पीएम मित्रा पार्क धार, राज्य की नीतियों, निवेश प्रोत्साहन से अवगत कराया। वन-टू-वन चर्चा में विशेष रूप से ट्रायडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता, वर्धमान ग्रुप के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज जैन, सनातन टैक्सटाइल लिमिटेड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर अजय दत्तानी, शर्मनजी यॉर्नस प्रालि के मैनेजिंग डायरेक्टर आशु जैन, एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गुप्ता, जैन कॉर्ड इंडस्ट्रीज़ के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल जैन, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स के सदस्य, अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सदस्य तथा बीएसएल सदस्यगण जैसे प्रतिष्ठित समूहों ने सक्रिय भागीदारी की।

## खबर संक्षेप

### पूज्य पिताजी पूनम चंद यादव के आदर्श मेरे जीवन की अमूल्य निधि: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पूज्य पिताजी श्रद्धेय पूनम चंद यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने नमन करते हुए कहा कि वे साहस, शक्ति और संबल की प्रतिमूर्ति थे। स्व. पिताजी के आदर्श, संस्कार, जीवन-मूल्य और सेवा-भाव ही उनके जीवन की अमूल्य निधि हैं। उनका स्नेह, आशीर्वाद और स्मृतियां सदैव प्रेरणा बनकर जनसेवा के लिए शक्ति प्रदान करती रहेंगी।

### जवाहर नवोदय में प्रवेश की तारीख बढ़ी, अब 23 तक आवेदन

**भोपाल।** जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। यह प्रक्रिया सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए शुरू हुई है। पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय के अनुसार, कक्षा 9वीं के आवेदन 23 सितंबर तक और परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित होगी। कक्षा 11वीं के लिए आवेदन 23 सितंबर तक और परीक्षा 7 फरवरी को होगी।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में रहने वाले 89 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार सीताराम साहू (89) शिव नगर कॉलोनी में रहते थे। उनके तीन बच्चे हैं। एक बेटी की वे शादी कर चुके है। दो बेटे उनके साथ रहते हैं। सीताराम के छोटे बेटे छगन साहू ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। मंगलवार रात पिता सीताराम साहू ने खाना खाया और छत पर चले गए। रात करीब साढ़े दस बजे वह पिता को देखने छत पर पहुंचा तो पिता छत पर बने कॉलम पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा चुके थे। वह परिवार के साथ पिता को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार प्रदान करने वाले बनें

# विवि में शुरू होंगे रोजगारपरक कोर्स विद्यार्थियों को मिलेगी बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के बदलते दौर में सभी विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए दुनिया में मिसाल कायम कर रहे हैं। वे दिन गए जब भारत किसी बड़े देश के पीछे चलकर पहचान बनाता था। हमें गर्व है कि आज भारत किसी पर निर्भर नहीं है। भारत के बदलते समय का विश्वविद्यालय के छात्र पूरा उपयोग करें।

हमारे युवा बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए देश को आगे ले जाने का सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए परिश्रम करें। राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ है। हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार हर संभव सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्ला विवि में सभी नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम आरंभ करने और विद्यार्थियों को आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

### सीएम डॉ. मोहन ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आईटी रिसोर्स सेंटर, एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और कन्या छात्रावास का किया भूमिपूजन

**पीएम मोदी भारत के बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए दुनिया में मिसाल कायम कर रहे : सीएम**



### पीएम-उषा परियोजना के तहत होगा निर्माण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बीयू में 55 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आईटी रिसोर्स सेंटर, स्टूडियो, कन्वेंशन हॉल और इंक्यूबेशन सेंटर तथा एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट व कन्या छात्रावास का भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम उषा परियोजना के भूमिपूजन और दीक्षारंभ कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष एवं सरस्वती माता को नमन करते हुए अपना संबोधन आरंभ किया।


### बीयू को 100 करोड़ रुपए की सौगात

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने भोपाल में संचालित विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।

### सुखद परिणाम अब सामने आने लगे: मंत्री परमार

*उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में बदलाव का बीड़ा उठाया है। पूर्व में उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने जिस विजन से कार्य किया, उसके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। प्रदेश में गरीब और पिछड़े छात्रों के लिए सर्व सुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनाए जा रहे हैं। भविष्य में शिक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने दो बड़े निर्णय किए हैं। इसके तहत अब डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देना और प्रदेश के चिन्हित विश्वविद्यालयों में देश की विभिन्न भाषाओं को क्रेडिट के माध्यम से पाठ्यक्रम में शामिल कर पढ़ाया जाना शामिल है।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सपरिवार पहुंचे उज्जैन, किए बाबा महाकाल के दर्शन



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के सपरिवार दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### बच्चों को खिलौने एवं सेवाकर्मियों को छाते वितरित



### सोशल मीडिया पर हर्बल प्रोडक्ट का प्रचार- प्रसार, कलेक्टर का आदेश

## एक शिक्षक निलंबित, तीन अन्य पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग।





सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हर्बल लाइफ प्रोडक्ट के जरिए वजन घटाने और सेहत बनाने की सलाह देना चार शिक्षकों को महंगा पड़ा गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेश पर लाइफ प्रोडक्ट का प्रचार-प्रसार करने वाले चार शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। महिला शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

दो शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए डीईओ ने संयुक्त संचालक से पत्र भेजा है। व्याख्याता पर कार्रवाई के लिए डीपीआई को पत्र लिखा गया है। डीईओ अरविंद मिश्रा ने बताया कि चारों शिक्षक अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फिट रहने के फॉर्मूले का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। शिक्षक हर्बल लाइफ के उत्पादों का उपयोग करके वजन घटाने, सेहत बनाने और उसकी सदस्यता लेने के काम में जुटे हुए थे। ऑनलाइन सेशन लेने की भी सलाह दे रहे थे। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा ने जांच के दौरान फुंडा स्कूल की खिलेश्वरी चतुर्वेदी की सोशल मीडिया साइट की जांच की। उनके प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षिका खिलेश्वरी चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन के दौरान शासकीय नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इसी प्रकार दनिया स्कूल के शिक्षक मुकेश चतुर्वेदी और संकुल केंद्र बोरी के सीएसी बलदाऊ पटेल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए संयुक्त संचालक को पत्र भेजा है। मामले में लिप्त घोटवानी स्कूल के व्याख्याता लोमन वर्मा पर कार्रवाई के लिए डीपीआई को पत्र लिखा गया है।

## मिनीमाता बांगो बांध के चार दरवाजे खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



मिनीमाता बांगो बांध में जल स्तर बढ़ने के कारण चार दरवाजे खोल दिए गए हैं। यह निर्णय मुख्य अभियंता बिलासपुर और अधीक्षण अभियंता कोरबा के साथ चर्चा के बाद लिया गया है।

गुरुवार दोपहर 2 बजे मिनीमाता बांगो बांध का जल स्तर 358.10 मीटर और 90.71% होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। गेट नंबर चार, पांच, छह और आठ को खोलकर बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा रहा है। गेट नंबर चार को 0.50 मीटर खोलकर 2960 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि गेट नंबर पांच और छह को 1.50 मीटर खोलकर 8750 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गेट नंबर आठ को 0.50 मीटर खोलकर 2960 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस प्रकार, बांध से कुल 23420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया। कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र निखरा ने बताया कि बांध के चार गेटों को दोपहर 2:40 बजे खोल दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि बांध के जल स्तर की निगरानी की जा रही है, वहीं बांध से प्रभावित 32 गांव में मुनादी कर अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही बारिश के आधार पर भविष्य में आवश्यकतानुसार बांध के अन्य गेटों को भी खोला जाएगा।

**पेंड्रा थाना क्षेत्र के गिरारी गांव का मामला**

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही



पेंड्रा में अवैध संबंध के शक में पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले पति को एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूरा मामला 20 जुलाई 2024 को पेंड्रा थाना क्षेत्र के गिरारी गांव का है, जहां रहने वाला जमील खान पिता लतीफ खान से उसकी पत्नि जुबेदा बेगम का तलाक नहीं हुआ था और वह उससे अलग रह रही थी। एक दिन जब जुबेदा गिरारी में अशोक सेन के घर में थी तभी पति जमील खान वहां पहुंचा और अवैध संबंध का शक करते हुए जुबेदा पर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इसी दौरान लोगों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया, तब तक जुबैदा की मौत हो चुकी थी। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद जमील वहां से भाग गया था। आरोपी जमील खान को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में फैसला सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल ने आरोपी जमील खान को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

**आज शाम 7.30 बजे पंचायती भवन में होगा शपथ ग्रहण**

सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित, 2 साल का होगा कार्यकाल

## श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत जबलपुर के चुनाव संपन्न



**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के पदाधिकारी के चुनाव शनिवार 4 सितम्बर को तमरहाई स्थित श्री गहोई वैश्य पंचायती भवन में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी अशोक नौगरहिया एवं सह चुनाव अधिकारी कैलाश लहरिया व राकेश सिजारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए इंजी राम गोपाल ददरया अध्यक्ष, डॉ अरुण कुमार सरावगी उपाध्यक्ष, इंजी अरुण खर्द मंत्री, डॉक्टर अरुण रावत सहमंत्री, सुभाष चंद्र रावत कोषाध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। आज शुक्रवार 5 सितम्बर को शाम 7:30 बजे पंचायत भवन में इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सभी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के पूर्व अध्यक्ष बृज बिहारी नगरिया, विजय सरावगी, विजय सुहाने, एडवोकेट अशोक गुप्ता एवं कार्यवाहक अध्यक्ष श्याम बिहारी चौदहा एवं समाज के पंच रितेश गुप्ता बंटी, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, रविकांत बडोनिया पंच एवं वरिष्ठ जनों ने हर्ष व्यक्त किया व सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**फैसले से आएगी देशी कपास की मांग में गिरावट**

## कपास आयात पर ड्यूटी खत्म कर किसानों को संकट में धकेला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा है कि प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों से जुड़ा एक गंभीर प्रश्न देश के सामने खड़ा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में अमेरिका समेत अन्य देशों से आयातित कपास पर दिसंबर 2025 तक आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) समाप्त कर दी है।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब आगामी माह अक्टूबर से देश भर के किसान अपनी कपास की उपज बेचने के लिए तैयार खड़े होंगे। सरकार के इस फैसले से देशी कपास की मांग में गिरावट आएगी और कपास उद्योग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सस्ते विदेशी कपास से करेगा। इसका सीधा नुकसान हमारे किसानों को होगा, जिन्हें उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिल पाएगा।

### किसानों के सामने पैदा होगा आर्थिक संकट



*यादव ने कहा कि जब विदेशी कपास कम दाम में उपलब्ध होगा तो टैक्सटाइल इंडस्ट्री स्वाभाविक रूप से उसका उपयोग करेगी। परिणामस्वरूप किसानों की उपज को खरीदार नहीं मिलेंगे। यह किसानों को आर्थिक संकट की ओर धकेलने वाला निर्णय है।*

## ट्रक चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिला मुख्यालय में पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मरम्मत के लिये खड़े ट्रक को चुराकर एनएच-49 के किनारे छिपाया था। 2 सितंबर की दोपहर ट्रक ड्राइवर मोहम्मद रमीज आलम ने अपनी टाटा कंपनी की 14 चक्का गाड़ी को सीएमओ तिराहा के पास मरम्मत के लिए खड़ी करके भोजन करने घर चला गया था।

शाम को जब लौटा तो देखा कि ट्रक गायब था। जिसके बाद उसने कोतरा रोड थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। आरोपियों की तलाश के लिए कोतरा रोड टीआई मोहन भारद्वाज ने टीम बनाकर क्षेत्र में मुखबिरों को सूचना देने के लिए लगाया। बीती शाम मुखबिर की सूचना पर एनएच-49 स्थित जेएसपीएल सीमेंट प्लांट के पास जंगल में चोरी का ट्रक खड़ा मिला। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी आलोप सिंह (24 वर्ष) निवासी ग्राम मठखनिया, थाना मझौली, जिला सीधी (मप्र) को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने साथियों अनुज सिंह (22), आनंद सिंह (19), संतोष बैगा (21) और बिमल बैगा (24) के साथ मिलकर ट्रक चोरी करने की बात कबूल की। आलोप सिंह पहले ड्राइवर रह चुका है और सभी आरोपी घटना से एक दिन पहले ट्रेन से रायगढ़ पहुंचे थे। इनका मकसद ट्रक चोरी कर बेचने का था।